वर्ष-3, अंक-68
इन्दौर बुधवार
11 जून 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।



चाणक्य

**मेघालय हनीमून मर्डर केसः ऑपरेशन हनीमून**

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में मंगलवार को बड़ा खुलासा

## पुलिस ने तेज की जांच, हत्या में प्रयुक्त हथियार लगा पुलिस के हाथ

### सोनम रघुवंशी को ट्रांजिट रिमांड, परिवार ने उठाए सवाल

इंदौर।

मंगलवार को मेघालय के सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड में जांच ने नया मोड़ लिया। मेघालय पुलिस ने इस मामले को 'ऑपरेशन हनीमून' नाम देकर जांच को तेज कर दिया, जिसमें हत्या के हथियार %एक खून से सने कुल्हाड़ी% का सुराग गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के पास एक दुकान से मिला। इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी, जो मुख्य आरोपी हैं, को गाजीपुर की सीजेएम कोर्ट ने तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर मेघालय पुलिस को सौंपा। उधर, राजा की मां ने सीबीआई जांच की मांग की, जबकि सोनम के पिता ने पुलिस पर गलत जांच का आरोप लगाया। यह मामला प्रेम,



विश्वासघात और साजिश की जटिल कहानी बन गया है।

**बीते दिन मंगलवार :** मंगलवार सुबह मेघालय पुलिस ने 'ऑपरेशन हनीमून' के तहत जांच को नई दिशा दी। 120 पुलिसकर्मियों की टीम, जिसमें 20 सदस्यों की कोर टीम शामिल थी, ने इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। डीजीपी इदाशिशा नोंग्रांग ने बताया कि सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची। जांच में खुलासा हुआ कि हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी गुवाहाटी से खरीदी गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि सोनम ने किराए के हत्यारों को पहले 4 लाख रुपये और बाद में 20 लाख रुपये की पेशकश की थी।

#### ऐसे सबूत जुटाएगी पुलिस

दोपहर में, गाजीपुर की सीजेएम कोर्ट ने सोनम को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर मेघालय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अब उन्हें मेघालय ले जा रही है ताकि क्राइम सीन को रीक्रिएट कर सबूत जुटाए जा सकें। उसी दिन, राजा की मां उमा रघुवंशी ने मीडिया से बातचीत में सीबीआई जांच की मांग की और कहा, अगर सोनम ने मेरे बेटे की हत्या की है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहीं, सोनम के पिता देवी सिंह ने अपनी बेटी को बेकसूर बताते हुए मेघालय पुलिस पर पक्षपातपूर्ण जांच का आरोप लगाया। आपको बता दे बीती 23 मई 2025 को मेघालय में हनीमून के दौरान राजा रघुवंशी की हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी सोनम उसी दिन से फरार थीं। 9 जून की रात 1 बजे, सोनम ने गाजीपुर, उत्तर प्रदेश के नंदगंज पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण किया। उन्होंने अपने भाई गोविंद को वाराणसी-गाजीपुर हाईवे पर काशी ढाबे से फोन कर अपनी लोकेशन बताई थी। पुलिस को शक तब हुआ जब सोनम ने हनीमून की कोई तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कीं, और राजा के अकाउंट से सात जन्मों का साथ पोस्ट ने जांच को नई दिशा दी। चार अन्य आरोपी राज कुशवाहा, विशाल सिंह चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को पहले ही मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया जा चुका है। मंगलवार को चारों आरोपी के इंदौर स्थित घर की तलाशी ली।

#### मुख्य झलकियां

1. मेघालय पुलिस ने 'ऑपरेशन हनीमून' शुरू कर जांच तेज की।
2. हत्या का हथियार, कुल्हाड़ी, गुवाहाटी से खरीदा गया।
3. सोनम को गाजीपुर कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेजा।
4. राजा की मां ने मांगी सीबीआई जांच।
5. सोनम के पिता ने पुलिस पर लगाए गलत जांच के आरोप।

#### सीएम ने कहा घटना दुःखद...

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के नवविवाहित युगल राजा और सोनम रघुवंशी की घटना अत्यंत दुखद और समाज के लिए चेतावनी है। यह घटना हमें सिखाती है कि विवाह केवल दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का भी जुड़ाव होता है। रिश्तों में समझ, संवाद और संयम जरूरी है। यह बहुत ही पीड़ादायक घटना है, जिससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे कदमों से बचा जा सके।

---

## नैनो न्यूज़

### मुख्यमंत्री ने किया संदर्भ पुस्तक का विमोचन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम.. मोदीज भारत @2047 संदर्भ पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट सहित पुस्तक के संकलन कर्ता ऊनमीत सिंह नारंग उपस्थित थे।

### कनाडा में खालिस्तानी धमकीः पीएम मोदी को टारगेट करने का ऐलान

**टोरंटो।** कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने एक बार फिर उग्र रूप दिखाया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान खुलेआम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी दी गई और भारतीय तिरंगे को फाड़कर उसका अपमान किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में खालिस्तानी तत्व मोदी विरोधी नारे लगाते नजर आए। इस घटना ने भारत-कनाडा रिश्तों में फिर से तनाव बढ़ा दिया है। भारतीय समुदाय ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है और कनाडा सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने भी मामले को गंभीरता से लिया है।

### पुलिस से पहले कश्मीरी निभाएंगे अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी- महबूबा मुफ्ती

**अनंतनाग।** अमरनाथ यात्रा को लेकर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम में अहम बैठक की। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा केवल पुलिस और सुरक्षा बलों की ही नहीं, बल्कि कश्मीरियों की भी जिम्मेदारी है। मुफ्ती ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे पुरानी परंपरा के अनुसार यात्रियों का स्वागत करें।

### अपराधी की मौजूदगी की जानकारी होना शरण देना नहींः पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि केवल किसी अपराधी की मौजूदगी की जानकारी होना 'शरण देना' नहीं माना जा सकता, जब तक यह साबित न हो कि व्यक्ति ने उसकी गिरफ्तारी से बचने में मदद की हो।जस्टिस मनीषा बत्रा की एकल पीठ ने एक एफआईआर रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आईपीसी की धारा 212 के तहत कार्रवाई के लिए यह जरूरी है कि आरोपी ने जानबूझकर फरार व्यक्ति को गिरफ्तार होने से बचाया हो।

### द्वारका सेक्टर-13 के शब्द अपार्टमेंट में भीषण आग, तीन लोगों ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित शब्द अपार्टमेंट में सोमवार को भीषण आग लग गई। हादसा अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर हुआ, जहां से धुआं और आग की लपटें तेज़ी से फैलने लगीं। घबराकर तीन लोगों ने जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिल से छलांग लगा दी, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

---

### 30 हजार किमी ग्रामीण सड़कों से जुड़ेगा मध्यप्रदेश, 21,630 करोड़ की ऐतिहासिक योजना को हरी झंडी

## कामकाजी महिलाओं के लिए 4 नए हॉस्टल, तुअर पर मंडी शुल्क माफ - मप्र कैबिनेट के बड़े फैसले

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की अहम बैठक में प्रदेश के ग्रामीण इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 21,630 करोड़ रुपये की मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इसके तहत 30,900 किमी सड़कें दो चरणों में बनाई जाएंगी। साथ ही प्रदेश में बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क पूरी तरह माफ करने, झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम में 4 वर्किंग वूमन हॉस्टल और जिलेवार विकास योजनाओं के लिए जिला विकास सलाहकार समिति के गठन को भी मंजूरी दी गई है।



मध्यप्रदेश मंत्रि-परिषद की बैठक ने प्रदेश की ग्रामीण और शहरी दोनों तस्वीर बदलने वाले फैसले किए हैं। सबसे अहम निर्णय %मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना% का रहा, जिसके तहत 21,630 करोड़ रुपये से 30,900 किमी ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी। दो चरणों में लागू होने वाली यह योजना उन सुदूर बसाहटों को जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ अब तक बारहमासी संपर्क सड़कें नहीं थीं। इससे 20,600 से अधिक गाँव मुख्य मार्ग से जुड़ेंगे, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा सुविधाएँ सहज होंगी।

दूसरा बड़ा निर्णय प्रदेश में बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क हटाने का है। इससे दाल की उपलब्धता बढ़ेगी, परिवहन में तेजी आएगी और रोजगार सृजन होगा। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं के लिए झाबुआ, सिंगरौली, देवास और नर्मदापुरम में 350 सीट्स वाले 4 वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाए जाएंगे।

साथ ही, जिला विकास सलाहकार समिति का गठन कर जिलों की दीर्घकालीन विकास रणनीति तैयार करने का फैसला लिया गया है। इसमें जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रगतिशील किसान और विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह समिति 'वोकल फॉर लोकल' की भावना के तहत परंपरागत कौशल और स्थानीय नवाचारों को प्रोत्साहित कर जिले की समृद्धि का नया रोडमैप तैयार करेगी।

---

## मोदी युग के 11 सालः भारत का हर मोर्चे पर डंका- मुख्यमंत्री




भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक मोर्चों पर भारत का डंका बज रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 11 वर्षों में कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मोदी ने तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर राष्ट्रहित में कठोर निर्णय लिए। आर्थिक सुधार, सामरिक शक्ति और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने गरीब, महिला और किसान वर्ग को सीधे लाभ पहुँचाया है। भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इन वर्षों को %सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण% का स्वर्णकाल बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने %सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास% मंत्र के साथ विकास की नई इबारत लिखी है।

---

## विदेश से लौटे संसदीय डेलिगेशन से पीएम मोदी ने की मुलाकात



### ऑल पार्टी डेलिगेशन ने दुनिया में खोली पाकिस्तान के आतंक की पोल

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर सर्वदलीय संसदीय डेलिगेशन ने मुलाकात की है। पीएम ने उन डेलिगेशन के लीडर्स से मुलाकात की है जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत विदेशों में भारत का संदेश लेकर गए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने डेलिगेशन के अनुभव और फीडबैक लिया है। इसके अलावा पीएम मोदी सभी सांसदों के लिए डिनर की मेजबानी की है।

यह प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान में मौजूद आतंकवाद को लेकर दुनिया के सामने बेनकाब करने का काम किया था। सात प्रमुख सांसदों को टीम बनाकर विदेश भेजा गया था। जिनमें रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (छ्ष्ठ), बैजयंत पांडा (भाजपा), शशि थरूर (कांग्रेस),कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके), सुप्रिया सुले (ह्रष्टक्क-एसपी) और शिवसेना के श्रीकांत शिंदे शामिल है। शशि थरूर की अगुवाई में सांसदों का एक ग्रुप अमेरिका गया था।

पीएम से मीटिंग के दौरान सांसदों ने अपने अनुभव साझा किया है और विदेशों में मिली प्रतिक्रियाओं को प्रधानमंत्री के सामने पेश किया। तृणमूल कांग्रेस (ञ्जरू) के सांसद अभिषेक बनर्जी भी मीटिंग में शामिल हुए।

### एमएस धोनी को मिला बड़ा सम्मान, आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक ऐतिहासिक सम्मान से नवाजा है। धोनी को सोमवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2025 में शामिल किया गया, जिससे वे इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने वाले 11वें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के नेतृत्व, विकेटकीपिंग कौशल और निर्णायक पारियों का उल्लेख करते हुए उन्हें क्रिकेट इतिहास का अद्वितीय खिलाड़ी बताया। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप, 2011 वनडे वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी, जो उन्हें एकमात्र ऐसे कप्तान बनाता है जिसने ये तीनों बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। धोनी के नाम 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में शानदार रिकॉर्ड दर्ज हैं। वे मैदान पर अपने शांत स्वभाव और चतुराई भरे निर्णयों के लिए भी मशहूर रहे हैं।

## ईडी के समन पर नहीं पहुंचे रॉबर्ट वाड्रा, लंदन में प्रॉपर्टी और संजय भंडारी से जुड़ा है केस

नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश नहीं हुए। मामला ब्रिटेन में मौजूद हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का है। ईडी का आरोप है कि भंडारी ने लंदन में वाड्रा के निर्देश पर करोड़ों की संपत्ति खरीदी और रेनोवेशन भी करवाया। वाड्रा ने इससे इंकार किया है। वहीं, हरियाणा और बीकानेर के जमीन सौदों में भी उनकी जांच चल रही है।



ईडी की जांच के मुताबिक, 2009 में लंदन के 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित प्रॉपर्टी की खरीद में भंडारी ने वाड्रा के निर्देश पर निवेश किया और नवीनीकरण के लिए भी धन का इंतजाम किया। हालांकि रॉबर्ट वाड्रा इस आरोप से इनकार करते रहे हैं।

संजय भंडारी 2016 में भारत से फरार होकर लंदन जा बसे। इस महीने ब्रिटेन की अदालत ने उनके प्रत्यर्पण पर रोक लगा दी, जिससे भारत में उनकी पेशी की संभावना लगभग खत्म हो गई। वहीं, ईडी वाड्रा से पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कर उन्हें अदालत में आरोपी बनाए जाने की तैयारी में है। इससे पहले हरियाणा और बीकानेर की ज़मीन डील में भी वाड्रा और उनके परिवार से पूछताछ हो चुकी है।

## असम में भारतीय मुसलमानों को दस्तावेज़ होने के बावजूद बांग्लादेश भेजा गया?

**गुवाहाटी।** बीबीसी की एक न्यूज़ रिपोर्ट में दावा किया है कि असम में रहने वाले कम से कम छह मुस्लिम नागरिकों को, जिनके पास भारत के सभी आवश्यक दस्तावेज़ मौजूद थे, बांग्लादेश भेज दिया गया।इन लोगों का कहना है कि उन्होंने बार-बार अपने भारतीय नागरिक होने के सबूत दिए, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात नहीं मानी। रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई विदेशी ट्रिब्यूनल के फैसले के आधार पर की गई। यह मामला राज्य में नागरिकता और मानवाधिकारों से जुड़े गंभीर सवाल खड़ा करता है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है।

---

## कनाडा में गिरफ्तार बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड!

मुंबई।

मुंबई पुलिस के सूत्रों के अनुसार, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर को कनाडा पुलिस ने डिटेन कर लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े जीशान पर हत्या की साजिश रचने और शूटर्स को हैंडल करने का आरोप है। मूलतः जालंधर का रहने वाला जीशान, जिसका असली नाम मोहम्मद यासीन अख्तर है, पहले भी पंजाब पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। 12 अक्टूबर 2024 को बांद्रा में हुई हत्या के पीछे वही मुख्य साजिशकर्ता था। कनाडा में गिरफ्तारी की खबर से भारत के गैंगवार नेटवर्क की अंतरराष्ट्रीय पकड़ और साजिशों का नया चेहरा सामने आया है। जालंधर निवासी और लॉरेंस बिश्नोई के बेहद करीबी जीशान अख्तर ने जेल में रहते हुए गैंग से संपर्क बनाया था।



### लॉस एंजेलिस की सड़कों पर सेना तैनात!

## अमेरिका में बगावत ? ट्रंप ने 60 साल बाद तोड़ी परंपरा

लॉस एंजेलिस।

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आव्रजन नीति ने लॉस एंजेलिस को हिंसा की आग में झोंक दिया। आईसीई की कार्रवाई के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। हालात बेकाबू होते देख राष्ट्रपति ट्रंप ने 60 साल बाद बिना गवर्नर की इजाजत सेना तैनात कर दी, जिससे सियासी टकराव और तेज़ हो गया।





अवैध प्रवासियों पर ट्रंप की सख्त नीति के चलते कैलिफोर्निया में आईसीई की छापेमारी के बाद लॉस एंजेलिस में तनाव भड़क उठा। 118 गिरफ्तारियों और सैन्य शैली की कार्रवाई से लोग भड़क गए। वीडियो वायरल हुए और हजारों प्रदर्शनकारी फेडरल बिल्डिंग के बाहर जुटे। पुलिस ने आंसू गैस व रबड़ बुलेट का इस्तेमाल किया। हालात बिगड़ने पर ट्रंप ने 2000 नेशनल गार्ड तैनात कर दिए वह भी गवर्नर की अनुमति के बिना। यह 1965 के बाद पहली बार हुआ। गवर्नर न्यूसम ने इसे संघीय तानाशाही बताया। पूर्व सैनिकों और विधि विशेषज्ञों ने भी सेना तैनाती पर गंभीर चिंता जताई।

## संपादकीय

# मैं रहूं या ना रहूं, सच्चाई बयां कर रहा हूँ



*पूर्व केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक इन दोनों राम मनोहर लोहिया अस्पताल में किडनी का इलाज करा रहे हैं।वह लगातार डायलिसिस पर हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर कर चार्ज शीट प्रस्तुत कर दी है। सीबीआई पूँछ तांछ के नाम पर उनको लगातार परेशान कर रही है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनके इलाज को लेकर जिस तरह की सजगता बरती जानी चाहिए। उसमें लापरवाही हो रही है, ऐसा उनकी पोस्ट से लग रहा है। अस्पताल में रहते हुए उन्होंने सरकार और सीबीआई को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सरकार और सीबीआई को अब जवाब देते नहीं बन रहा है। जो अपराध उनसे हुआ ही नहीं है। उसमें वह कैसे दोषी हो सकते हैं?अस्पताल से उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। जिसमें उन्होंने लिखा है, मेरी हालत बहुत गंभीर है। मैं पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती हूं। किडनी की समस्या से जूझ रहा हूं। फिर से मुझे आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। मेरी हालत दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं, देशवासियों को सच्चाई जरूर बताना चाहता हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा,जब वह गवर्नर थे।उन्हें 150-150 करोड रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। उनके द्वारा उस पेशकश को अस्वीकार किया। इसकी सूचना प्रधानमंत्री को तुरंत कर दी थी। जब मैं गवर्नर था, इस समय किसान आंदोलन चल रहा था। मैंने किसानों के बीच जाकर उनके आंदोलन का समर्थन किया। जिन लोगों ने फाइल को क्लीयर करने के लिए दबाव बनाया था। उसकी शिकायत प्रधानमंत्री को उसी समय कर दी थी। उसके बाद से ही मुझे परेशान किया जा रहा है। महिला पहलवानों के आंदोलन को मेने अपना समर्थन दिया। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के मामले को उठाया। उसकी आज तक सरकार ने कोई जांच नहीं करवाई। सरकार ने मुझे सीबीआई का डर दिखाकर झूठे मामले में फसाने के लिए चार्जशीट दाखिल की है। जिस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था। प्रधानमंत्री को बताया था। उसके बाद मेरा तबादला किया गया। सत्यपाल मलिक ने अपनी पोस्ट में लिखा है।*

# जीएसटी कहीं गब्बर सिंह टैक्स न बन जाए

होने के



जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विस टॅक्स, जो सिर्फ वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाना अपेक्षित है तथा अचल - स्थावर आय पर इसे लगाना अपेक्षित नहीं है. सरकार द्वारा प्रकाशित जीएसटी संकलन के आंकडे हम हर महिने जानते - पढ़ते हैं. अनेक बार यह आंकडे वृद्दीगत होते नजर आते हैं. आर्थिक प्रगती के चलते लोगों की क्रयशक्ती बढ़ती जा रही है तथा इसके चलते दिन-ब-दिन देशांतर्गत वस्तु तथा सेवाओं की खरेदी-बिक्री के व्यवहार भी बढ़ते जा रहे है सो जीएसटी का संकलन भी बढ़ रहा है ऐसा हमें लगता है. जीएसटी संकलन बढ़ने का एक कारण यह जरूर है परंतु यह एकमेव कारण भी नहीं है.

जीएसटी संकलन के बढ़ने के अन्य कारण - 1) पहले करमाफी की सूची में रखी वस्तुओं पर जीएसटी लगाना, 2) जो चीजें मूलत वस्तू या सेवा हैं ही नहीं उन पर भी जीएसटी लगाना 3) जो वस्तुएं या सेवाएं द्वीपक्षिय नहीं हैं उन्हे भी द्वीपक्षिय मानना 4) कर निर्धारण में मनमानी 5) अमान्य करनिर्धारण के विरूद्ध अपील करने के लिए मानमाने ढंग से निर्धारित कर के बीस प्रतिशत को जमा करने का नियम 6) विक्रेता ने वसूल किया जीएसटी न भरने या गलत भरने की दशा में क्रेता को टॅक्स क्रेडिट नकारना 7) उद्योजकों का रजिस्ट्रेशन पूर्वप्रभाव से रद्द करना तथा उनके द्वारा खरीदे गए माल पर टॅक्स क्रेडिट नकारना..... ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण कर संकलन के आंकडे बढ़ते जा रहे हैं. सच कहा जाए तो ऐसे अनेक कारण और दिये जा सकते हैं. इस लेख में उल्लेखित विविध उच्च न्यायालयों के विगत कुछ समय में दिये गये न्यायनिर्णयों के परिपेक्ष में देखा जा सकता है कि घटनात्मकदृष्या अवैध माने जाने वाले जीएसटी की वसूली भी अविरत जारी है. जीएसटी 1 जुलाई 2017 में लागू किया गया तथा उसके बाद देश भर के उच्च तथा सर्वोच्च न्यायालयों ने जीएसटी पर सैंकड़ों निर्णय दिये हैं. इनमें से अनेक निर्णय करदाता व्यापारियों-उद्योजकों के पक्ष में दिये गए हैं तथा यह निर्णय अत्यंत मूलगामी स्वरूप के हैं. पिछले कुछ समय में उच्चन्यायालयों द्वारा दिये गए न्यायनिर्णयों को देखा जाए तो जीएसटी करप्रणाली को लागू करने के दौरान कुछ भी यानी मनमर्जी से कुछ भी किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है. इन न्यानेयनिर्णयों में से कुछ इस प्रकार हैं.अलाहाबाद उच्च न्यायालय - जीएसटी विभागद्वारा व्यापारियों को भेजी जा रही अव्याव्हारिक नोटीसों तथा उटपटांग टॅक्स निर्धारण के कारण दाखिल किये जा रहे नित नये प्रकरणों से इस कोर्ट के न्यायाधीश इतने उद्विग्न हो गए की उन्होने जीएसटी विभाग के संबंधित सह-आयुक्त पर व्यक्तिगत दंड का फर्मान सुनाया. ये आदेश मेरिनो इंडस्ट्रीज विरूद्ध उत्तर प्रदेस सरकार के केस में 2 अप्रेल 2025 में दिया गया. जीएसटी कर निर्धारण करते हुए जीएसटी प्रशासन द्वारा नैसर्गिक न्याय तत्वों का उल्लंघन किस प्रकार किया जाता है इसका ज्वलंत उदाहरण यह केस है. उदाहरणार्थ प्रत्यक्ष सुनवाई की तारीख ही न बताना तथा व्यापारी की अनुपस्थिती दर्ज करना, सुनवाई के लिए अत्यंत कम समय देना तथा सादर उचित दस्तावेजों को अमान्य करना. केरल उच्च न्यायालय - इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अपने डॉक्टर सदस्यों - सभासदों को सशुल्क सेवा प्रदान करते हैं. ये कामकाज संस्था व सभासदों के मध्य चलने के कारण इसमें म्युच्युअल्टी तत्व लागू होता है. इस केस में सेवा देने वाली संस्था तथा सभासद ये दोनों अभिन्न माने जाते हैं क्योंकि वे सदस्य भी हैं तथा एक प्रकार से संस्था के मालिक भी हैं यानी लाभप्रदाता तथा लाभार्थी दोनों ही हैं सो इसपर जीएसटी लागू हो ही नहीं सकता. परंतु सरकार ने 2021 में जीएसटी कायदे में कुछ बदलाव किये तथा सप्लाय और बिजिनेस इस व्याख्या में इस प्रकार के व्यवहारों को समाविष्ट किया व जीएसटी कर निर्धारित किया. केरल उच्च न्यायालय ने 11 अप्रेल 2025 के दिये गये न्यायनिर्णय में जीएसटी के इस बदलाव को घटनाबाह्य करार देते हुए इस प्रकार के कर निर्धारण को रद्द किया.

मुंबई उच्च न्यायालय - जमीन विकास - इमारत पुर्नविकास के काम में जमीन मालिक व्यक्ति या हाऊसिंग सोसायटी किसी विकासक को यह विकासकाम देते हैं जिसमें कुछ काम मूल जमीन के मालिक के लिये किया जाता है उर्वरित काम किसी और के लिये किया जाता है. उदाहरणार्थ हाऊसिंग सोसायटी के पुर्ननिर्माण के बाद कुछ फ्लेट्स उस हाऊसिंग सोसायटी के मूल सदस्यों को दिये जाते हैं तथा उर्वरित फ्लेट्स की बिक्री कर विकासक अपना खर्च तथा लाभ निकालते हैं. इस व्यवहार में टीडीआर या एफएसआय खरीदकर कोई भी विकासक को नहीं देता फिर भी इस व्यवहार में विकासक को एफएसआय का हस्तांतरण होता है जो एक प्रकार का सेवा हस्तांतरण ही होता है तथा इस पर विकासक को टॅक्स भरना होगा यह कुछ नोटिफिकेशंस द्वारा सरकार ने तय किया. श्रीनिवास रिअलकॉन प्रा. लि. के केस में मुंबई उच्च न्यायालय ने 8 अप्रेल 2025 को निर्णय दिया कि ऐसे विकासकाम नोटिफिकेशंस के दायरे में नहीं लाये जा सकते. गुजरात उच्च न्यायालय -इस न्यायालय के सामने जो प्रकरण आया वह जीआयडीसी से दीर्घकालीन लीज (लाँग लीज) पर ली गई जमीन के हस्तांतरण पर लगाये गए जीएसटी का मामला था. यूं देखा जाए तो स्थावर संपत्ती के हस्तांतरण में स्टैम्प ड्यूटी लगाई जाती है सो उसपर फिर जीएसटी का बोझ न पड़े यहं देखना सरकार के लिए आवश्यक है. परंतु टेनेंसी राईट्स पर या लीज होल्ड राईट्स के हस्तांतरण पर भी जीएसटी लगाया जा रहा है. गुजरात चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्सट्रीज की याचिका पर निर्णय देते हुए न्यायालय ने 3 जनवरी 2025 को उक्त जीएसटी का निर्धारण रद्द किया तथा इस प्रकार के व्यवहार जीएसटीकक्षा के बाहर हैं यहं भी स्पष्ट किया. दिल्ली उच्च न्यायालय - श्रीमती भावना लूथरा एक दिवंगत उद्योगपती की पत्नी हैं. उनके पती को बिजिनेस में मिलने वाले जीएसटी रिफंड को लेने के लिए उन्हे उच्च न्यायालय में जाना पड़ा. हम रिफंड देंगे यह आश्वासन न्यायालय को देने के बाद भी जीएसटी प्रशासन ने उक्त रिफंड नहीं दिया सो श्रीमती लूथरा को फिर से कोर्ट जाना पड़ा. आदरणीय न्यायाधीश महोदय नें 9 अप्रेल 2025 के अपने निर्णय में सच्चे तथा प्रामाणिक व्यंक्तीयों के साथ होने वाले इस संतापजनक व्यवहार की निंदा की. कर्नाटक उच्च न्यायालय - श्रीमती आशा आर तथा कुछ अन्य व्यक्तियों की जमीने बेंगलूरू मेट्रो रेल प्रकल्प के लिए अधिग्रहित की गई तथा उन्हे सोलॅशिअम (जमीन अधिग्रहम की भरपाई) के रूप में कुछ राशी दी गई परंतु जीएसटी विभाग ने उक्त राशी पर भी जीएसटी लगाया. जब नागरिकों ने कोर्ट में मामला उठाया तो उक्त व्यवहार स्थावर संपती का कारण उसपर जीएसटी लगाया ही नहीं जा सकता यह निर्णय न्यायालय ने दिया. जीएसटी कायदा 2017 में लाया गया अर्थात अब 8 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज तक देशभर में एक भी जीएसटी ट्रिब्यूनल कार्यान्वित नहीं है जो चिंताजनक है. अधिकारबाह्य - अवैध नोटिसों तथा अन्यायकारक कर निर्धारण के विरोध में व्यापारियों - व्यवसाईयों को बारंबार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है. देशभर के सभी उच्च न्यायालयों में जीएसटी विषयक प्रकरण बड़े पैमाने पर दाखिल हो रहे हैं. अनेक कारणों से न्यायालय न जा पाने वाले अनेक करदाता मजबूरी में अवैध कर वसूली के शिकार हो रहे हैं.

उच्च न्यायालय के अनेक निर्णयों के खिलाफ सरकार सर्वोच्च न्यायालय में जा सकती है तथा वहाँ भी निर्णय सरकार के खिलाफ मिलने पर कायदा बदलने , वह भी पूर्वतिथी प्रभाव से ऐसा निर्णय भी सरकार द्वारा लिया जा सकता है.

यूं तो कर प्रणाली लोकतंत्र में सरकार चलाने तथा सार्वजानिक, जनहित के कामों को करने के लिए आवश्यक है, यह हमें ध्यान में रखना होगा परंतु यह कर प्रणाली दोषरहित होनी चाहिये. जीएसटी को विपक्षी दलों द्वारा गब्बर सिंह टॅक्स की उपमा अनेक बार दी जाती है बस यह वास्तव में न हो यहीं प्रार्थना है. इसके लिये सरकार तथा प्रशासन दोनों द्वारा प्रामाणिक प्रयत्न तथा जतन करना अपेक्षित है. मराठी के प्रसिद्ध समाचारपत्र लोकसत्ता में प्रकाशित लेख का हिन्दी अनुवाद मूल मराठी लेखक - श्री उदय कर्वे (वैधानिक लेखापरिक्षक)अनुवादक - राजेन्द्र वामन काटदरे (अकाऊंट्स में 35 वर्ष का दीर्घ अनुभव)

**राजेंद्र वामन काटदरे**
**202, सी-3, स्वास्तिक पार्क**
**आजाद नगर, कोलशेत**
**ठाणे वेस्ट 400607**
**96992 69849**

## कविता

### जिंदगी उधार सी लगती है

जिंदगी उधार सी लगती है,
कभी-कभी मुझको बेज़ार सी लगती है।
कभी मुस्कुराती है दिल खोल कर मुझ पर,
और कभी दुख, दर्द, पीड़ा का पहाड़ सी लगती है।
कभी लगती है मखमली फूलों का बिस्तर,
तो कभी कांटों भरी दुश्वार सी लगती है।
कोई कहता है ईश्वर का नायाब उपहार है ये,
पर मुझको तो ये जिंदगी उधार सी लगती है।
खिलती होगी कलियां और फूल महकते होंगे कहीं,
मेरी जिंदगी तो उजड़ा चमन शमशान सी लगती है।
कैसे कह दूं की बहुत खूबसूरत है ये जिंदगी।
तिनका तिनका बिखरा है, टूटे कांच की दीवार सी लगती है।
ये जिंदगी मुझको बेज़ार सी लगती है।
ये जिंदगी मुझको उधार सी लगती है।
हस्ती, खेलती, मुस्कुराती है किसी के आंगन में,
और किसी को ये बद्दुआ, बेकार सी लगती है।
कोई झोपड़ी में भी जिंदगी का जश्न मना रहा।
तो किसी को महलों में भी जिंदगी नश्वर सी लगती है।
सोचती हूं, कौन होगा, वो खुशनसीब, ज़हान में,
जिसको जिंदगी कृपा, उपहार, आशीर्वाद सी लगती है।
मैं तो बैठ जाती हूं गमों के मयखाने में यारों,
ये जिंदगी मुझे छलकती शराब सी लगती है।
काश कोई उठा देता पर्दा इस झूठ से,
तो मैं पूछ लेती बता जिंदगी तू मेरी क्या लगती है?
क्यों जिंदगी तू मुझे दुश्वार सी लगती है?
क्यों तू मुझे उधार सी लगती है?
संघर्षों का दिन कभी खत्म नहीं होता,
जिंदगी तेरी रातें सुनसान सी लगती हैं।
तेरे साए में आए या ना आए, सोचती हूं।
तू हर दिन तमाशा मेरा सरे बाजार करती है।
बता दे, क्या है तू ? ए जिंदगी!
क्यों तू मुझे जिंदगी उधार सी लगती है?



**दिव्यांजली वर्मा अयोध्या उत्तर प्रदेश**

### अंजाना सफर

अंजान राहों पर अंजाना सफर है।
कंटक भरी ऊबड़ खाबड़ डगर है।।
दर्पण बेचता हूं पाने को दो रोटी।
पता नहीं था मुझे अंधों का शहर है।।

जिसे समझ रहे थे हम वो शहद होगा।
मगर निकला यह तो घातक इक जहर है।।

कहता था कभी मैं झूठ नहीं बोलता।
उसने दी जो मुझे सब झूठी खबर है।।

साथ लेकर चलता कई सुरक्षा गार्ड।
निज देश में तुझको बता किससे डर है।।

**पंकज शर्मा तरुण**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** मॉग की सुस्तता से मंगलवार को अनाज मंडी में चना व मसूर में बाजार नरमी के रहे। खाद्य तेलों में टिकाव रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार मजबूती पर रहे। किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला सुर्खी पर रहे।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने व मसूर में मॉग ठंडी रहने से बाजार 50-100 रू; प्रति क्वि?टल तक कमजोर पड़े। वहीं, खाद्य तेलों में कारोबार बेहद सुस्त-सुस्त ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में नारियल व खोपरा गोला सुर्ख रहे। बड़ी इलायची में भी बाजार मजबूत नज़र आये। भाव इस प्रकार रहे

## किराना -

शक्कर 4110-4150, खोपरा गोला 240-275, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 2900-3000, (200) 3300-3400, (250) 3400-3500

## तेल

सींगदाना 1340-1360, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2150, सोया साल्वेंट 1070-1080, सोया रिफाइंड 1135-1150, कपास्या 1180, धूलिया 1190, कड़ी 1190,

## रात की धारणा

गुजरात लुज 1325, मुम्बई पाम 1150, मुम्बई सोया 1170,

## खली

कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विं?टल)

## तिलहन

सरसो 6300-6400, रायडा 5600, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

## दलहन

चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5100-5200, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5950-6000, मूंग देशी 6300-6400, पाला 6400-6500, चमकी 6500-6600, नायलोन 6600-6700, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6900-7000, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

## दाल

चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

## अनाज

गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

चावल चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

मावा :- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

## हुंडई ने लॉन्च की वर्ना एसएक्स प्लस, कीमत और फीचर्स ने ग्राहकों किया आकर्षित

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई कार निर्माता हुंडई ने भारत में अपनी मशहूर सेडान वर्ना का नया एसएक्स प्लस वेरिएंट पेश किया है, जो कीमत और फीचर्स के लिहाज़ से ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया। यह वेरिएंट मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमतें 13.79 लाख और 15.04 लाख रुपए रखी गई हैं। इस नए वेरिएंट में पहले टॉप एसएक्स (ओ) मॉडल में मिलने वाले कई प्रीमियम फीचर्स शामिल किए गए हैं, जिनमें एलईडी हेडलाइट्स, 16-इंच एलॉय व्हील्स, रियर स्पॉइलर, फ्रंट पार्किंग सेंसर्स, 8-स्पीकर बोस साउंड सिस्टम, हीटेड और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स तथा लेदरेट अपहोल्स्ट्री जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। वर्ना एसएक्स प्लस में 1.5 लीटर का 4-सिलिंडर नेचुरल एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 115एचपी की पावर और 143.8एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल या सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है और दावा किया गया है कि यह कार 18 से 19 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। सुरक्षा के लिहाज़ से भी यह वेरिएंट काफी दमदार है, जिसमें छह एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) और रियर पार्किंग कैमरा जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए गए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने अपने चुनिंदा मॉडल्स के लिए नया वायर्ड-टू-वायरलेस एडॉप्टर भी पेश किया है जिसकी कीमत 4,500 रखी गई है। यह एडॉप्टर वायरलेस एप्पल कारप्ले और एन्डार्ड ऑटो को सपोर्ट करता है और वेरना एसएक्स(ओ), एसएक्स टूबो और एसएक्स(ओ) टूबो वेरिएंट्स के लिए उपयुक्त है।


## हुंडई ने लॉन्च की वर्ना एसएक्स प्लस, कीमत और फीचर्स ने ग्राहकों किया आकर्षित

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरियाई कार निर्माता हुंडई ने भारत में अपनी मशहूर सेडान वर्ना का नया एसएक्स प्लस वेरिएंट पेश किया है, जो कीमत और फीचर्स के लिहाज़ से ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया। यह वेरिएंट मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमतें 13.79 लाख और 15.04 लाख रुपए रखी गई हैं। इस नए वेरिएंट में पहले टॉप एसएक्स (ओ) मॉडल में मिलने वाले कई प्रीमियम फीचर्स शामिल किए गए हैं, जिनमें एलईडी हेडलाइट्स, 16-इंच एलॉय व्हील्स, रियर स्पॉइलर, फ्रंट पार्किंग सेंसर्स, 8-स्पीकर बोस साउंड सिस्टम, हीटेड और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स तथा लेदरेट अपहोल्स्ट्री जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। वर्ना एसएक्स प्लस में 1.5 लीटर का 4-सिलिंडर नेचुरल एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 115एचपी की पावर और 143.8एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल या सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है और दावा किया गया है कि यह कार 18 से 19 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। सुरक्षा के लिहाज़ से भी यह वेरिएंट काफी दमदार है, जिसमें छह एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) और रियर पार्किंग कैमरा जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए गए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने अपने चुनिंदा मॉडल्स के लिए नया वायर्ड-टू-वायरलेस एडॉप्टर भी पेश किया है जिसकी कीमत 4,500 रखी गई है। यह एडॉप्टर वायरलेस एप्पल कारप्ले और एन्डार्ड ऑटो को सपोर्ट करता है और वेरना एसएक्स(ओ), एसएक्स टूबो और एसएक्स(ओ) टूबो वेरिएंट्स के लिए उपयुक्त है।

# कोरोना के बढ़ते मामलों पर डॉक्टरों ने कहा बूस्टर डोज की नहीं, सावधानी की जरुरत

इंदौर। देश में कोरोना मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। किसी को लगता है कि बूस्टर डोज लगवाने से सुरक्षित हो जाएंगे तो कुछ लोगों का मानना है कि ये वायरस ज्यादा खतरनाक नहीं है। ऐसे ही तमाम सवालों के जवाब जानकारों ने दिए हैं। उनका कहना है कि बूस्टर डोज की जरुरत नहीं है लेकिन सावधानी पूरी तरह रखना चाहिए।

बुजुर्गों के लिए ज्यादा सतर्क रहने की जरुरत है। भारत को कोविड वैक्सीन के बूस्टर डोज पर जोर देने के बजाय अधिक जोखिम वाले लोगों को बचाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब भारत में 8 जून तक कोविड-19 से संक्रमित मरीजों की संख्या 6,133 दर्ज की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, 28 अप्रैल को यह आंकड़ा महज 35 था।



इस मामले से अवगत स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल केंद्र सरकार ने सभी लोगों के लिए इसे एक अभियान बनाने का कोई निर्देश नहीं दिया है। उन्होंने कहा, डॉक्टर मरीजों की जरूरतों के आधार पर बूस्टर डोज लेने की सिफारिश कर सकते हैं।

मगर कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि हालिया कोविड लहरों के दौरान हर्ड इम्युनिटी ने उसकी गंभीरता और प्रसार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। मगर यह भविष्य में होने वाले उछाल को रोकने के लिए अपने आप में पर्याप्त नहीं हो सकती है, खासकर कमजोर लोगों के बीच।

संयुक्त राष्ट्र कोविड-19 टास्क फोर्स की रणनीतिकार और सलाहकार (सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवा) सबाइन कापसी ने कहा, 'पहले के संक्रमण एवं प्राथमिक टीकारण के व्यापक प्रभाव को देखते हुए ऐसा लगता है कि सभी लोगों के लिए बूस्टर डोज की तब तक कोई खास जरूरत नहीं है जब तक कि कोई गंभीर नया वेरिएंट न दिखे। बूस्टर डोज लेना वैकल्पिक हो सकता है लेकिन अभी उसे अनिवार्य बनाने की जरूरत नहीं है।

डॉ. समीर भाटी ने कहा कि देश ने एक व्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ पहली और दूसरी खुराक के जरिये व्यापक कवरेज हासिल किया है, लेकिन समय के साथ-साथ प्रतिरोधक क्षमता स्वाभाविक तौर पर कम हो जाती है। उन्होंने कहा, 'इससे कोविड के प्रति संवेदनशील लोगों की अच्छी खासी आबादी तैयार हो गई होगी जिनकी प्रतिरोधक क्षमता पिछले 12 से 18 महीनों के दौरान काफी काफी कम हो गई होगी।' अब कोविड-19 के संक्रमण मामलों में मौसमी उतार-चढ़ाव दिखने की उम्मीद है।

डॉक्टरों का कहना है कि मौजूदा उछाल वायरस के अन्य मौसमी संक्रमण जैसे कि इन्फ्लूएंजा के साथ फैलने का उदाहरण है। भारत में ओमिक्रॉन वेरिएंट के कारण कोविड संक्रमण के मामलों में मौजूदा तेजी दिख रही है।

इसकी पहचान सबसे पहले 2021 के आखिर में हुई थी। इसके उभरते सब-वेरिएंट जैसे एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 शामिल हैं, जो जेएन.1 श्रेणी के हैं। गुरुग्राम के सीके बिरला हॉस्पिटल में कंसल्टेंट (इंटरनल मेडिसिन) तुषार तयाल ने कहा कि बूस्टर डोज की लॉजिस्टिकल एवं वित्तीय लागत के मद्देनजर भारत को जोखिम आधारित दृष्टिकोण अपनाने से काफी फायदा हो सकता है। सरकार के कोविन डैशबोर्ड के अनुसार, देश में अब तक कोविड-19 टीकों की 2.2 अरब से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

इनमें मुख्य रूप से एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सिन शामिल हैं। पहली खुराक की संख्या 1.02 अरब और दूसरी खुराक की 95.1 करोड़ रही, लेकिन अब तक 22.7 करोड़ लोगों को ही बूस्टर डोज दी गई है।

## रियल इवेंट इंदौर द्वारा मालवा फ़ैशन शो को मिला सफलता का शिखर



इंदौर। रियल इवेंट इंदौर द्वारा होटल रम्मी तरंग में मालवा फ़ैशन शो सीजन 8 में प्रदेश और प्रदेश से बारह के मांडल्स ने रैंप पर उतर कर अपनी कलाकारी का लोहा दर्शकों और आयोजन के जजों की तालियों से मनवाया। इस आयोजन में मिस, मिसेज, किड्स और मेल मांडल्स चार ग्रुप्स थे। सभी ने जजेज को प्रभावित किया।

इस ग्रुप्स के विजेता रहे मिस्टर मालवा सुधांशु सोनी, मिस मालवा मानसी जैन और मिसेज कीर्ति सक्सेना। मुख्य जज सैलेब्रेटी एक्टर रवि गोसाईं (माचिस फेम), आचार्य प्रदीप मिश्रा, रविन्द्र माथुर, चंदन मंगरोला थे?। इस आयोजन में स्पेशल अतिथी उमेश मंगरोला (अध्यक्ष बीजेपी शिवाजी मंडल) करती सेना के महामंत्री दिग्विजय सोलंकी, बी.एम.चतुर्थी थे। इस आयोजन में सूत्रधार बालीवुड एंकर सतीश पाण्डे और कीर्ति उपमन्यु थे।इस आयोजन के आर्गनाइजर प्रिया ग्रेवाल और अमन ग्रेवाल ने अगला आयोजन गोवा में होने की घोषणा की।

## समाजसेवीयों द्वारा निराश्रित आश्रम की महिला का अंतिम संस्कार किया



इंदौर की असहाय एवं लावारिसों के निःशुल्क अंतिम संस्कार करने वाली संस्था श्री एकाक्ष सेवा सामाजिक संस्था द्वारा आज पुनः मानवता का परिचय देते हुए शव सेवा शिव सेवा के सिद्धांत को अपनाते हुए एक महिला मुन्नीबाई जो की 45 वर्ष की थी. कई वर्षों से बिचोली मरदाना स्थित आशाअंजलि ओल्ड एज होम मैं अज्ञात के रूप में आश्रम के संचालक अभिषेक शुक्ला एवं अंजलि खंडेलवाल द्वारा रेस्क्यू किया गया था।

तीन दिनों पूर्व माताजी का निधन हुआ और आज एम वाय पुलिस चौकी के माध्यम से पोस्टमार्टम के बाद मुन्नी बाई का शव विधि विधान से अंतिम संस्कार करने के लिए संस्था के नरेंद्र वर्मा ,सुनील ठाकुर विजय लॉट विवेक विवेक पीपले , सनी जैसवाल, प्रदीप गुर्जर ,कृष्णा सोनी, रामगोपाल श्रीवास्तव को आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद दिया गया संस्था द्वारा पूर्ण विधि विधान से जूनी इंदौर मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया।

## मिशन हिफाजत - महिलाओं का सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



इन्दौर। घरेलू और कामकाजी महिलाओं सहित छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें 30 से अधिक महिलाओं को सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग देते आधुनिक उपकरणों के साथ प्रायोगिक अभ्यास भी कराया।

प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक अब्दुल राशिद और सुमित्रा चंद्रवंशी उनके सहयोगी थे। इन्होंने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुरों के साथ-साथ सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी भी दी।

## कार्टून कोना..........




## गायक चिंतन बाकीवाला द्वारा स्वरबद्ध मध्य प्रदेश गौरव गान का अनावरण मुख्यमंत्री ने किया

इन्दौर। प्यारा मध्य प्रदेश हमारा.. गौरव है भारत जन का... संस्कृतियों की मातृभूमि ये.. संवल है सबके मन का... इन बोलों के साथ शहर के गायक चिंतन बाकीवाला का स्वरबद्ध किया मध्यप्रदेश गान का लोकार्पण मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया। इस गीत के गायक चिंतन बाकीवाला, संयोजक केशव राय हैं और लेखक सुरेश शर्मा हैं।



चिंतन ने बताया कि मैंने अपने देश, शहर और मातृभाषा के लिए कई गीत गाए हैं, लेकिन मेरे मन में ये मलाल रहता था कि मैं इस तरह का कोई प्रयास मध्य प्रदेश के लिए नहीं कर पाया हूं। इसी के चलते मैंने ये गीत गाया है।

गीत का अनावरण करते मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के गौरवमयी इतिहास को देश दुनिया तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

इसके दृष्टिगत, भविष्य में इस गीत के वीडियो प्रारूप को तैयार करने और अधिक से अधिक लोगों, विशेष रूप से युवा वर्ग में वायरल करने में प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

### हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया

इन्दौर। राष्ट्रीय कवि प्रभु त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य में राऊ के सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर स्थित राम रहीम कम्यूनिटी सेंटर में करीब चार सौ स्वयंसेवकों ने शामिल होकर हिन्दू साम्राज्य दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति से ओतप्रोत नजर आया। सभी स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवेन्द्र शर्मा इंदौर विभाग के महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख थे।

## राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद ने वर्षीतप, आयंबिल करने वालों का किया सम्मान



इन्दौर। बायपास स्थित आउटडोर प्ले एरिना पार्क में अभा श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा की तृतीय पारिवारिक सभा का शुभारंभ परमात्मा व गुरु-भगवंतों के चित्र के समक्ष संयोजकों द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया इस दौरान महिला संयोजिकाओं ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी।

सभा में लगातार दूसरा वर्षीतप करने वाले परिषद के दंपती अरुण ज्योति मेहता का बहुमान करने के साथ पशुओं की आत्मा की शांति के लिए आयंबिल करने वाले परिषद सदस्यों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर संयोजक पवन-ममता कोठारी, अभय-रीटा चौपड़ा, पंकज-सविता कटारिया, अरुण-ज्योति मेहता, विजय-रिकू बोहरा, राजेश-खुशबू सालेचा वोहरा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने किया। आभार पंकज कटारिया ने माना।

## सुपर कॉरिडोर पर उपनगरीय रेलवे स्टेशन बनाया जावे

इंदौर। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति पश्चिम रेलवे मुंबई के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी के द्वारा रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया है कि सुपर कॉरिडोर मेट्रो जंक्शन के पास /नीचे उज्जैन फतेहाबाद रेल लाइन के पास उपनगरीय नया रेलवे स्टेशन बनाया जावे।

सुपर कॉरिडोर के पास तेजी से कालोनियां बन गई है और जनसंख्या में वृद्धि हो रही है जिससे उज्जैन महाकाल लोक जाने के लिए उज्जैन की ओर आने जाने वाली रेल यात्रियों को इंदौर रेलवे स्टेशन के मुख्य स्टेशन पर नहीं आना पड़ेगा तथा एयरपोर्ट से आवागमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वहां कॉमेडी में आईएसबीटी बस स्टैंड भी बन गया है।

श्री वर्मा ने कहा कि सुपर कॉरिडोर पर उपनगरीय रेलवे स्टेशन बनने से मेट्रो ट्रेन के साथ एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी इंदौर शहर से मिलेगी साथ ही रेलवे की आय वृद्धि होगी व यात्रियों को कम समय लगेगा ।

इंदौर के सांसद शंकर लालवानी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से सुपर कॉरिडोर उपनगरीय स्टेशन बनने का पुरजोर आग्रह करेंगे और रेल मंत्री से इस संबंध में मिलेंगे।

## इंदौर राउंड टेबल द्वारा बनाए चार आधुनिक कक्षा का लोकार्पण

इंदौर। तिल्लोर खुर्द स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इंदौर राउंड टेबल 242 द्वारा 45 लाख रुपये की लागत से चार नवीन कक्षा-कक्षों का निर्माण किया गया है। इन आधुनिक कक्षाओं का लोकार्पण आज एक समारोह में किया गया, जिसमें राउंड टेबल के पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।




राउंड टेबल 242 के अध्यक्ष श्री अभिमन्यु नारंग ने जानकारी दी कि इन कक्षा-कक्षों के साथ भवन में टेबल-कुर्सी, पंखे, लाइट, ब्लैकबोर्ड, स्वच्छ पेयजल तथा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इससे अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सम्मानपूर्वक एवं सुविधाजनक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह राउंड टेबल 242 द्वारा इंदौर में निर्मित आठवां स्कूल ब्लॉक है, और अब तक कुल 29 कक्षा-कक्षों का निर्माण संगठन द्वारा किया जा चुका है। नवीन कक्षा भवन अत्याधुनिक निर्माण गुणवत्ता व शैक्षणिक वातावरण के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे हर वर्ष करीब 240 छात्र लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में राउंड टेबल के उपाध्यक्ष श्री राहुल भंडारी, सचिव श्री प्रखर गोयल, कोषाध्यक्ष श्री प्रणय मुरारका, एरिया 17 से श्री शैंकी बंसल उमंग अग्रवाल व श्री प्रशांत बजाज उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश वर्मा, सरपंच तथा अन्य ग्रामीण जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस परियोजना में मोइरा वेलफेयर फाउंडेशन, आनंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा गुरुकृपा डेवलपर्स जैसे सामाजिक संगठनों व डोनर्स ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिवार व ग्रामीणों ने इस सराहनीय कार्य के लिए राउंड टेबल 242 का आभार व्यक्त किया।

## इंदौर के अभिषेक पँवार ने "Voices for Our Planet" अभियान के तहत किये अनेक कार्यक्रम

इंदौर। कॉमनवेल्थ यूथ काउंसिल (सीवाईसी) एशिया रीजन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित "Voices for Our Planet: From Echoes to Impact – Youth Climate Action Week" के तहत इंदौर के युवा जलवायु कार्यकर्ता अभिषेक पँवार ने सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का नेतृत्व किया।




इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभिषेक ने "10 Sustainable Practices for a Greener Future" थीम पर सोशल मीडिया कैंपेन, शॉर्ट वीडियो रील के माध्यम से जागरूकता अभियान, फीलगुड प्लास्टिक बैंक की 'बाल पंचायत बजिगां' के साथ मजलिस, और "The New Bharat" मंच पर "हमारा पर्यावरण, हमारी ज़िम्मेदारी" चर्चा का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में एकल-उपयोग प्लास्टिक के खतरों और सतत जीवनशैली पर जोर दिया गया।

अभिषेक ने Climate Cardinals – UYC India Chapter द्वारा आयोजित "Generation Restore Talk Series" में बतौर यूथ स्पीकर भाग लिया, जहाँ उन्होंने कहा, पर्यावरण जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए।

इस वर्चुअल संवाद में देशभर के युवा कार्यकर्ताओं ने सतत विकास लक्ष्यों (स्ठत्ह्य) पर विचार साझा किए। "The New Bharat" चर्चा में अभिषेक ने दीपक मैठाणी, अभिषेक कुमार, और संयम अरोड़ा जैसे पैनलिस्ट्स के साथ पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

अभिषेक कुमार ने भी सप्ताह भर के अनेक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की और इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शिविर मे 160 मरिजों ने लाभ लिया



इंदौर। नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन चोइथराम नेत्रालय, संयुक्त तत्वाधान में वर्धमान जैन स्वास्थ केन्द्र, कोशल्यापुरी चितावद पर स्व. माड़ीबाई सज्जनमलजी बेताला की पुण्य स्मृति में भव्य नेत्र एवं स्वास्थ शिविर लगा ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा अनोखी लाल जैन ने बताया कि इस शिविर मे 160 मरिजो ने लाभ लिया मोतियाबिंद आपरेशन हेतु 10 मरिजो का चयन किया गया, जिनके आपरेशन निशुल्क होगे। जरूरतमंद लोगों को 65 नजर के चश्मे दिए गए शेल्बी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर स्त्री रोग, हदय रोग, शुगर की जाँच ,बीपी की निःशुल्क जांच की गई। लाभार्थी परिवार मनोज प्रमोद बेताला परिवार जानकी नगर इंदौर। इस शिविर मे समाज सेवी गोपीलाल सामोता, खुबचंद कटारिया प्रसन्न चंद कोठारी,चन्द्रकुमार फतेपूरिया, महेश डॉकोलिया अनुप कुमार बाफना, धर्मचंद चोरडिया हुल्लास बेताला, अजित मोदी कान्तीलाल मेहता, प्रदीप छल्लानी , ललीत छल्लानी, सुरेश सकलेचा आदि का सहरानी सहयोग रहा। महेश डॉकोलिया ने गरीब बस्ती स्कूल मे शिक्षण समाग्री बाटने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन सीमा राम पुरिया ने किया अतं मे अभार प्रमोद बेताला ने माना।

## नेनो ब्रीफ

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

रायसेन। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज अमोघ होटल में आयोजित होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सय्यद जावेद अहमद ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज प्रातः 11:00 बजे सांची रोड पर स्थित अमोघ होटल में आयोजित की जाएगी जिसमें विशेष रूप से ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं विधायक धीरज गुर्जर, पूर्व मंत्री पीपी शर्मा, जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, पूर्व विधायक नीरज दीक्षित विशेष रूप से शामिल होगें, पूर्व सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक, जिला समन्वय समिति सदस्य, पूर्व लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि, समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### स्कूल शिक्षा विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति में संशोधन

रायसेन। स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति-2022 की कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किये गये हैं। यह प्रशासकीय स्थानांतरण संबंधी अधिकार 7 से 16 जून की अवधि में जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री को प्रत्यायोजित किये गये हैं। जिला स्तर पर स्थानांतरण की अवधि में जिला संवर्ग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों, जिनमें प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (विज्ञान), सहायक शिक्षक (विज्ञान), प्रधानाध्यापक प्राथमिक शाला, लिपिकीय वर्ग संवर्ग तथा भृत्य संवर्ग के लोक-सेवकों का जिले के भीतर स्थानांतरण जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद किया जायेगा। विभागीय स्थानांतरण नीति-2022 के प्रावधानों का पालन करते हुए ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश एजुकेशन पोर्टल के माध्यम से जारी किये जायेंगे।

### उमरेठ के पटपड़ा में मेड़ के विवाद में महिलाओं पर किया हमला



परासिया। उमरेठ के पटपड़ा में सोमवार को खेत में मेड़ तोड़ने के लिए हुए विवाद में पड़ौसी खेत के मालिक रिश्तेदार ने महिलाओं पर फावड़े से हमला कर दिया। घटना में दो महिलाएं घायल हुई है। घायल महिलाओं को पीठ हाथ में गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने सोमवार को चार बजे महिलाओं का मुलाहजा कराया। उमरेठ के पटपड़ा निवासी महिला सुशीला यदुवंशी ने बताया कि उनके खेत के बगल में रिश्तेदार का खेत है। आज उनका रिश्तेदार जिसे जब्बार कहते है वह मेड़ तोड़ रहा था। उसे मना किया गया। मना करने पर वह फावड़ा लेकर आ गया। फावड़े से उसने दो महिलाओं पर फावड़े से हमला कर दिया। देवकी को पीठ और हाथ में चोट आई। सुशीलाको हाथ और पीठ में बंधी चोट आई। अस्पताल में इनका मुलाहजा किया गया। महिलाओं ने बताया कि बेरहमी से उनकी पिटाई की गई।

संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें आवश्यक कार्यवाही : फील्ड पर दिखाएं अधिक सक्रियता

# तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर लागू की जाए ई ऑफिस प्रणाली : कलेक्टर



नर्मदापुरम। जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाते हुए सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समाधान तत्परता से किया जाए। शिकायतकर्ता से समक्ष रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर मुख्य निष्पादन संकेतकों (Key Performance Indicators) के अनुरूप पोर्टल पर प्रविष्टियों के साथ-साथ संबंधित रिपोर्टों को भी समय पर अद्यतन किया जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि में हो रहे कार्यों की निरंतर निगरानी की जाए। सभी एसडीएम ई-ऑफिस से संबंधित आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रपत्र में अद्यतन कर जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को उपलब्ध कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जन सुनवाई, उच्च न्यायालय एवं आयोगों में लंबित प्रकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई-ऑफिस से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। समय सीमा की बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले की वर्तमान प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए समस्त विभागों के जिला अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रदेश लेवल पर रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। कलेक्टर ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह में ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों के निराकरण करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया जाए साथ ही जिले की प्रदेश स्तर पर रैंकिंग में भी सुधार करने के लिए अधिकारी कड़ी मेहनत करें। उन्होंने पिपरिया केसला तथा सिवनी मालवा तहसील के खराब ग्रेडिंग पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की इस प्रकार के प्रदर्शन की पुनरावृत्ति ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड लेवल पर अधिकारियों की सक्रियता सक्रियता बढ़ाई जाए साथ ही अपने भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान मौके पर ही शिकायतकर्ताओं को समक्ष रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि 500 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण में तेजी लाई जाए। समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन के चिन्हित बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत चिन्हित शिकायतों में एफसी योग्य प्रकरणों की जांच कर आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाएं। इस प्रमाण पत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि प्रकरण एफसी योग्य है और उसमें किसी प्रकार की त्रुटि नही है। कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर विभागवार चिन्हित केपीआई (Key Performance Indicator) के अनुसार लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पोर्टल पर संबंधित जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाए तथा अद्यतन रिपोर्ट भी अपलोड की जाए।

# डीईओ और जिला संयोजक को कलेक्टर का नोटिस

टीएल बैठक में कलेक्टर की सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा, छात्रवृत्ति भुगतान में देरी पर कार्रवाई



रायसेन। सोमवार को कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने विभागीय गतिविधियों और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग में सुदामा प्री. मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के भुगतान में देरी पर जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक को नोटिस जारी किया। साथ ही अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी को भी कार्य में लापरवाही के लिए नोटिस दिया गया। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा के दौरान निराकरण के प्रतिशत और प्रदेश स्तर पर विभाग की रैंकिंग की जानकारी लेते हुए जल संसाधन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निराकरण प्रतिशत कम होने पर नाराजगी जाहिर शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। **उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र**-समीक्षा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जानकारी ली गई। इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत विभाग के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, नलजल योजनाओं और आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण की भी समीक्षा की। जिले में खाद की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया गया। वही वन भूमि पर अवैध उत्खनन रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

# नपा ने किया ऑक्सीजन पार्क बंद हटाए जाएंगे मधुमक्खी के छत्ते

उज्जैन और रायसेन किले की घटना के बाद नगर पालिका की खुली नींद



रायसेन। प्रदेश के उज्जैन में मधुमक्खी के हमले से जहां एएसआई की मौत हो गई वहीं रायसेन किले पर मानसिक रूप से विक्षिप्त एक की मधुमक्खी के हमले से मौत हो जाने के मामले के बाद नगर पालिका की नींद खुल गई है ओर रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित ऑक्सीजन पार्क को अस्थाई तौर पर नगर पालिका द्वारा बंद किए जाने का निर्णय लिया है। रायसेन नगर में ऑक्सीजन पार्क परिसर में नगर पालिका की पानी की टंकी पर एक दर्जन से अधिक मधुमक्खी के छत्ते लगे हुए है। इस पार्क के शुभारंभ के दौरान ही नागरिकों ने आपत्ति ली थी कि मधुमक्खी के छत्ते नहीं हटाए गए हैं जिससे खतरा बना रहता है लेकिन नगर पालिका को पार्क के उद्घाटन की जल्दबाजी में खतरे को अनदेखा कर दिया गया और काफी संख्या में नागरिक भी पार्क में पहुंच रहे थे। यह अच्छा हुआ कि मधुमक्खी के दौरान विफरी नहीं लेकिन रायसेन के किले पर एक मानसिक विक्षिप्त की मधुमक्खी के हमले से मौत के बाद नगर पालिका ने तत्काल ऑक्सीजन पार्क को बंद कर दिया है और राजस्व निरीक्षक राजू कांकर को मधुमक्खी के छत्ते हटवाए जाने के कार्य का प्रभारी बनाया गया है। अब नगर पालिका के कर्मचारी मधुमक्खी के छत्ते को हटाए जाने के लिए एक्सपर्ट को तलाश रहे है जिससे जल्द से जल्द मधुमक्खी के छत्ते को हटाया जा सके।

# रायसेन स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा बदलाव लेकिन चुनौती बरकरार

सीएमएचओ और सिविल सर्जन ने संभाली बागडोर कर्मचारियों ने किया स्वागत



रायसेन। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री का शासन द्वारा स्थानांतरण शाल्य क्रिया विशेषज्ञ के तौर पर जिला अस्पताल राजगढ़ कर दिए जाने के उपरांत सोमवार को जिले के लिए पुराने लेकिन स्वास्थ्य विभाग में सीएमएचओ की कुर्सी पर बैठने के लिए नए डॉ. हरि नारायण मांडरे ने जिल के स्वास्थ्य विभाग की बागडोर को अपने हाथ में ले लिया है। वहीं रायसेन जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओढ़ को मूल पद पर रवाना करते हुए जिला अस्पतला का सिविल सर्जन डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान को बनाय गया जिन्होंने सोमवार को विधिवत जिला अस्पताल की बागडोर को अपने हाथ में लेने के साथ ही जिला अस्पताल में आरएमओ को फेरबदल कर दिया है। जिसमें आपसी सहमति बनाए जाने के उपरांत जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. प्रतीक शर्मा को मूल पद पर भेजते हुए जिला अस्पताल का आरएमओ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत गुर्जर को बनाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायसेन जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और एसएनसीयू में 8 चिकित्सक होने के चलते जिला अस्पताल के काम काज प्रभावित ना हो इसके चलते आरएमओ डॉ. लक्ष्मीकांत गुर्जर को बनाया गया है। स्वास्थ्य महकमे में चुनौति बरकरार-जिले के स्वास्थ्य महकमे को पिछले 5 वर्ष से संचालित कर रहे डॉ. दिनेश खत्री ने कई चुनौतियों का डटकर सामना किया और स्वास्थ्य महकमे की बागडोर 5 साल तक संभाली रखी इस दौरान देखा जाए तो सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री पर सीधा आरोप तो नहीं लगा लेकिन महकमे के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से हुए एक घोटाले की वजह से उन्हें घेरने का प्रयास जरूर किया गया लेकिन बड़ी से बड़ी चुनौति का सामना करने में माहिर होने की वजह से उनके दामन पर सीधा दाग नहीं लग पाया। वहीं इन 5 साल में कम चिकित्सकों की संख्या जिले भर में होने के उपरांत जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने के लिए प्रयास करते रहे। वहीं जिला अस्पताल की बात की जाए तो डॉ. अनिल ओढ़ ने भी जिला अस्पताल में सिविल सर्जन रहते हुए कई सुधार के कार्य किए और सिविल सर्जन कार्यालय के अलावा जिला अस्पताल के चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टॉफ से बेहतर समन्वय के साथ कम चिकित्सक संख्या होने के बावजूद भी बेहतर कार्य करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहे। हालाकि वरिष्ठ अधिकारियों की अपेक्षाओं को पूरा ना कर पाने की वजह से उन्हें सिविल सर्जन के पद से हाथ धोना पड़े ऐसा सूत्रों का मनाना है। वहीं अब जिला अस्पताल का सिविल सर्जन के रूप में डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान अपनी सेवाएं देंगे जो स्वास्थ्य विभाग की नब्ज को अच्छे से जानते है। जिला अस्पताल की बागड़ोर संभालने के दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नागरिकों को दिए जाने की उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# परवरिया माता मंदिर में पानी के पर्याप्त इंतजाम ना होने से श्रद्धालु परेशान



रायसेन। ग्राम परवरिया माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं वहीं मंदिर में प्रसादी का भोग लगाने के लिए कई श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के आसपास ही बाटी बनाई जा रही है। लेकिन मंदिर में पीने के पानी के पर्याप्त इंतजाम ना होने की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और श्रद्धालुओं द्वारा शिकवा शिकायत किए जाने के बावजूद भी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा पीने के लिए पानी के पर्याप्त इंतजाम की स्थाई और ना ही अस्थाई व्यवस्था की है जिसकी वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर में मेले के दौरान अब तक पिछले 9 वर्ष से प्रताप सिंह द्वारा टैंकर मुहैया कराया जाता रहा है लेकिन इस बार किसी कारणवश टैंकर मुहैया नहीं कराए जाने से श्रद्धालुओं की समस्या दोगुनी बढ़ गई है। श्रद्धालुओं ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं मंदिर प्रबंधन समिति से मांग की है कि मंदिर परिसर के आसपास पीने के पानी के लिए कम से कम टैंकर की व्यवस्था कर दी जाए।

### नशामुक्त अभियान के संबंध में बैठक



रायसेन। जिले में 01 से 26 जून तक चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने जिले में नशामुक्ति हेतु जन जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मद्यपान, मादक पदार्थ एवं उनके द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवा, छात्र-छात्राओं, आमजन को अवगत कराते हुए नशामुक्ति के लिए प्रेरित करें। बैठक में अधिकारियों द्वारा अपने देश को, जिले को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने की शपथ भी ली गई।

# समेरिटंस का केशव राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप में शामिल



नर्मदापुरम। 13 मध्य प्रदेश बटालियन से संबंध समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का होनहार छात्र एनसीसी केडिट्स केशव श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप अमरकंटक में भोपाल ग्रुप का जूनियर डिविजन का प्रतिनिधित्व किया। कैंप 1 जून से 8 जून तक चला। केशव सिटी थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल वीरेंद्र श्रीवास्तव के सुपुत्र है। स्टेशन पर 13 एम. पी से हवलदार अजीत कुमार उपस्थिति रहे। केशव ने कैंप में हर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें बॉलीबॉल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमाणपत्र, मेडल प्राप्त किया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सेकंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रैकिंग कैंप के माध्यम से केडिट्स को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और साहसिक गतिविधियों का अनुभव मिलता है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताएं मजबूत होती हैं। इस बर्ष हमारी संस्था के तीन एनसीसी केडिट्स का राष्ट्रीय स्तर के ट्रैकिंग कैंप के लिए सिलेक्शन हुआ अभी क्रमशः दो कैंप ओर है जिसमें से 09 से 16 जून में एनसीसी केडिट्स निहाल अहिरवार और 17 से 24 जून में एनसीसी केडिट्स वत्सल पांडे शामिल होंगे। केडिट्स की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सूबेदार रामवतार, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, कॉर्डिनेटर आर. के .सिंह, उप प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी, स्पोर्ट्स आफिसर सचिन खंपरिया, मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा, स्नेहा उपाध्याय ने खुशी जाहिर कर अपनी बधाई दी।

# जून में मई जैसी गर्मी, लोग बेहाल तापमान पहुंचा 40 डिग्री पार



रायसेन। जून में पड़ रही मई जैसी गर्मी से लोग बेहाल हो रहे है। जिले में बारिश थमने के बाद से तीन दिन से फिर से तेज गर्मी ने शहर में कहर ढाना शुरू कर दिया। दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे करीब 20 दिन बाद लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग खुद को गर्मी से बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। जिसके पहले मई माह में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही थी। लेकिन अब बारिश रुकते ही फिर से गर्मी पड़ने लगी है। मौसम विभाग ने लू चलने की चेतावनी भी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पिछले 11 दिन से महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा हुआ है। इस वजह से मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री में देरी हो रही है। अगले 2 से 3 दिन तक मानसून के प्रदेश में आने की संभावना कम है। अनुमान है कि मानसून 15 जून तक मध्य प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।

# लिव इन में रह रही भाभी की देवर ने की हत्या





परासिया। बड़कुही मे मुख्य मार्ग पर टेक पर देवर ने अपनी भाभी की बेरहमी से हत्या कर दी। तीन दिन पुराने शव को पुलिस ने जब्त कर पोस्टमार्टम कराया। सोमवार को एफएसएल अधिकारी भी पहुंची। परासिया मोक्षधाम में पांच बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के लिए जिम्मेदार माना जा रहा देवर फरार है। देवर भाभी के साथ लिव इन में रह रहा था। मृतक ममता कठौते आदिवासी कोल जाति की थी। उसके पति का निधन हो चुका है। एक बेटी का विवाह कर दिया गया है। बेटा नागपुर में काम करता है। वह अपने देवर जुंगी के साथ रहती थी। मृतका की ननंद भी वही रहती है। उसने रविवार शाम पुलिस को खबर दी। पुलिस ने छिंदवाड़ा में मृतक की बहन को खबर दी। पुलिस रविवार रात मौके पर पहुंची। घर के अंदर का नजारा लोमहर्षक था। पलंग पर महिला ममता कठौते का शव पड़ा था। उसका सिर बुरी तरह कुचला था। गले में फंदा लगाया गया था। पुलिस ने एफएसएल अधिकारियों को सूचना दी। एफएसएल टीम बड़कुही में सोमवार को अपराहं पहुंची, टीम के जांच करने के बाद शव को चौकी प्रभारी अजय धुर्वे परासिया पोस्टमार्टम के लिए लेकर आए। डॉ. तैय्यबा ने शव का पोस्टमार्टम किया। मृतका के भाई संजय कठौते ने बताया कि ममता कठौते मृतका उनकी बहन है। वे छिंदवाड़ा में रहते है। रविवार को वे साईट से लौटै थे। सोमवार को उन्हें काम पर वापस जाना था। आज पुलिस ने उन्हें फोन पर घटना की सूचना दी। उन्होंने जाकर देखा तो उनकी बहन को बेरहमी से मारा गया था। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच कर दोषियों को दंड मिलना चाहिए। बहन को फोन कर बताया ममता अकड़ गई। देवर जुंगी ने छिंदवाड़ा में रह रही अपनी बहन को फोन कर कहा कि ममता अकड़ गई है, उसने बहन से बात भी की। इसके बाद बहन ने ममता के मायके पक्ष को खबर दी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। ममता को इतनी बेरहमी से क्यों मारा गया। इसकी तलाश पुलिस कर रही है।

5 जुलाई तक स्वयंवरम गार्डन में रहेंगे प्रभु

# स्नान के साथ जगन्नाथ का जन्मोत्सव कल से रथ यात्रा निकलेगी



नर्मदापुरम। डोंगरवाडा स्थित अखंड मंडलेश्वर धाम में भगवान जगन्नाथ जी का जन्मोत्सव 11 जून बुधवार देव स्नान पूर्णिमा को भगवान के स्नान के साथ आरम्भ होगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के ठाकुर राजा डॉ. आशुतोष शर्मा मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि बुधवार को प्रातः 10 बजे मंदिर से बाहर आएंगे और मंदिर परिसर में दिव्य स्नान होगा। उसके बाद प्रभु का श्रृंगार किया जाएगा। भगवान गजानन वेश धारण करेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। शाम को भी प्रभु भक्तों को दर्शन देने के बाद विश्राम करेंगे। परम्परा के अनुसार भगवान का स्वास्थ्य खराब रहेगा। इस दौरान कुशल वैद्य द्वारा उनका उपचार किया जाएगा। अपनी मौसी के घर जाएंगे प्रभु स्वस्थ होने बाद 27 जून को प्रभु भक्तों को दर्शन देते हुए गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर प्रस्थान करेंगे। इस दौरान प्रभु 5 जुलाई तक मालाखेड़ी स्थित स्वयंवरम गार्डन में रहेंगे। उसके बाद वापस मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर में पुनः विराजमान होने के बाद 6 जुलाई को मंदिर में विशाल भंडारा भी होगा। मंदिर समिति के भक्तों से आयोजन में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# 4 करोड़ की अस्पताल की भूमि को अफसरों ने बदला

सोनापीपरी में लीपा पोती करने पहुंचे राजस्व के अफसर





परासिया। सोना पिपरी में सरकारी अस्पताल के निर्माण की जगह बदलने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है सरकारी जमीन पर बन रहे अस्पताल की भूमि को उमरेठ के राजस्व अधिकारियों ने बदल दिया। शिकायत के बाद अब इस मामले में सोमवार को 12 बजे राजस्व अधिकारियों की टीम पंचनामा बनाने पहुंची। शासकीय जमीन का पंचनामा बनाकर पंचायत को दिया गया है। पूरे मामले की लीपापोती करने वाला पंचनामा राजस्व अधिकारियों ने बनाया है। राजस्व अधिकारियों ने पंचनामे में विवादित जमीन को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया। आसपास की सरकारी जमीनों के हुलिए कों कोई उल्लेख नहीं हुआ और जिस जगह का पंचनामा बनाया गया है उसकी भी सीमाओं का वर्णन नहीं किया गया। इस पूरे मामले में उमरेठ के राजस्व अधिकारी संदेह के दायरे में है । सड़क किनारे बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र को आखिर क्यों रिधोरा मार्ग पर ट्रांसफर किया गया। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। लेकिन गांव के नागरिक बताते हैं चार करोड़ रुपए की जमीन का फ्रंट बचाने के चक्कर में लेन-देन कर आनन-फानन में अस्पताल निर्माण की जगह को बदल दिया गया। सोनापीपरी मे अपनी तरह का यह अनोखा मामला सामने आया। खास बात यह है कि जिस जगह सांसद ने भूमि पूजन किया था उसी जगह अस्पताल न बनाकर अन्य कहीं अस्पताल के लिए जमीन देकर निर्माण भी चालू कर दिया गया। सोनापीपरी में स्कूल के सामने शासकीय जमीन का रकबा है। इससे लगी कुछ और जमीन है। इस जमीन को बेचने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि अहस्तांतरणीय कैफियत वाली इस जमीन को बेचने के लिए रोड से लगे फ्रंट को आधार बनाया गया था । इस फ्रंट पर सांसद ने नए अस्पताल निर्माण के लिए भूमि पूजन कर दिया। इसके बाद जगह बदलने की कवायद शुरू हुई। उमरेठ के राजस्व के अधिकारी सैट कर जगह बदल दी गई। जब लोग आपत्ति लेने पहुंचे तो उमरेठ के राजस्व के अधिकारियों पर उन्हें धमकाने के आरोप भी लगे। जगह बदलने को लेकर पंचायत ने आपत्ति लगाई लेकिन उमरेठ के राजस्व अधिकारियों पटवारी और आरई ने एक नहीं सुनी। इस पूरे मामले में राजस्व अधिकारी संदेह के घेरे में है।

## सांसद राहुल कासवान का संगठन सृजन कार्यक्रम हेतु पांच दिवसीय रतलाम दौरा

**रतलाम।** जिला में कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम हेतु चूरू लोकसभा सांसद राहुल कासवान पांच दिवसीय प्रवास पर रतलाम आ रहे हैं। इस अवधि में जिला समन्वय समिति की बैठक के साथ पांचो विधानसभा क्षेत्र में बैठक लेंगे तथा वरिष्ठ नेताओं से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वन टू वन कर जिला अध्यक्ष और रतलाम शहर अध्यक्ष के लिए रायशुमारी करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पीसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक विधायक प्रताप ग्रेवाल, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी का भी इस अवधि में रतलाम आगमन होगा। कटारिया ने बताया कि सांसद राहुल कासवान 11 जून सायं 7 बजे रतलाम आएंगे। 12 जून को 11 बजे सर्किट हाउस में पत्रकारों से रूबरू होंने के बाद 12 बजे रतलाम जिले के प्रमुख पदाधिकारीयों (समन्वय समिति) के साथ होटल जलसारा में बैठक करेंगे। सायं 5 बजे जावरा विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मंडल के पदाधिकारी तथा मोर्चा संगठन के पदाधिकारीयों के साथ कर्नावट परिसर में बैठक करेंगे। 13 जून को सुबह 11 बजे सैलाना विधानसभा की ओशिन परिसर सायं 5 बजे आलोट विधानसभा की अनाया गार्डन में बैठक होगी। 14 जून को सुबह 11 बजे रतलाम ग्रामीण की पोरवाडो की धर्मशाला, त्रिपोलिया गेट, तथा सांय 5 बजे शहर विधानसभा के ब्लॉक मंडल तथा मोर्चा संगठन के पदाधिकारी तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ सज्जन प्रभा, अजंता टॉकीज रोड में बैठक करेंगे। महेंद्र कटारिया ने बताया कि 15 जून को दोपहर 1 बजे सांसद राहुल कासवान प्रस्थान करेंगे।

### अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर 23 जून को राज्य पेंशनर्स प्रधानमंत्री के नाम मेगा मेमोरेन्डम देंगे

**रतलाम।** म.प्र. पेंशनर समाज रतलाम की माह जून की बैठक 8 जून को गुजराती समाज उ.मा.वि. परिसर में उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के प्रारम्भ में उपस्थित साथियों को संगठनात्मक दृष्टि से देश में पेंशनर के आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए जो हलचल प्रारम्भ हुई है उसके बारे में जानकारी देते हुए श्री छाजेड़ ने बताया कि आल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन द्वारा देशभर में चरणबद्ध आंदोलन का निश्चय किया गया है। देश की लोकसभा ने 25 मार्च 2025 को पारित सेन्ट्रल सिविल सर्विसेज (पेंशन) संबंधित नियम में परिवर्तन किया है। उस परिवर्तन से 2026 और उसके पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनधारियों एवं पुरानी पेंशनधारकों को 8 वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित रखा जाएगा। इस बढ़ती हुई मंहगाई के दौर में पुरानी पेंशन धारकों की 8 वें वेतन आयोग के हिसाब से पेंशन नहीं बढ़ेगी। सरकार का यह कदम पुरानी पेंशनधारकों के लिए घातक है। आल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन ने इसे ओ.पी.एस. पेंशन धारियों के लिए घातक मानते हुए देशभर के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध आंदोलन तब तक करने का निर्णय लिया है जब तक 25 मार्च 2025 वाला लेजिश्लेशन वापस नहीं हो जाता है। इसके लिए %एआईएसएफ' ने प्रथम चरण आंदोलन के लिए 23 जून 2025 तय की है। पेंशनर समाज रतलाम जिला रतलाम के सभी प्रादेशिक पेंशनर्स से आग्रह करता है कि पेंशनरों के हक में अखिल भारतीय स्तर पर प्रारंभ हो रहे आंदोलन में जिले भर के सभी पेंशनर साथी 23 जून 2025 के आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन में तन-मन-धन से जुटकर पेंशनरों की एकजुटता एवं अपने संवैधानिक हक को प्राप्त करने के लिए संघर्षशीलता व शक्ति का पुरजोर प्रदर्शन करें। खासकर हमारी पुरानी पेंशनर्स धारक बहने इस बयान पर ध्यान दे एवं सहयोग करें। बयान के अंत में श्री छाजेड़ ने बताया कि श्री जोशीजी से प्राप्त अखिल भारतीय स्टेट पेंसनर्स फेडरेशन के प्राप्त परिपत्र के आधार पर सभी पेंशनर्स साथियों को सूचनार्थ यह बयान जारी किया गया है।

## पुलिस ने दो युवकों को चाकू के साथ पकड़ा : आधी रात को बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई, कई बाइकों के काटे चालान



**रतलाम।** शहर में देर रात सड़कों पर बेवजह घूमने वालों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। सोमवार रात भी पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई की। इस दौरान बाइक पर बिना वजह तीन सवारी घूमते युवक, संदिग्ध गतिविधि वाले लोग और हथियार लेकर घूम रहे युवकों पर शिकंजा कसा गया। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, औद्योगिक थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम, डीडी नगर थाना प्रभारी मनीष डाबर, स्टेशन रोड थाना प्रभारी स्वराज डाबी और माणकचौक थाना प्रभारी अनुराग यादव ने अपनी टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया। चौराहों, बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर विशेष फोकस रखा गया। चेकिंग के दौरान डीडी नगर थाना पुलिस ने बाजना बस स्टैंड से संदीप उर्फ शिनु (21), निवासी सैनिक कॉलोनी, दीनदयाल नगर को खटकेदार चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसी तरह थाना माणकचौक की टीम ने कमलेश धानक निवासी दो मुंह की बावड़ी को चाकू रखने के आरोप में पकड़ा और उसके खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस का यह अभियान हाल ही में हुई दो चाकूबाजी की घटनाओं के बाद शुरू किया गया है, जिनमें रात के समय दो युवकों की हत्या हो चुकी है। इसके बाद शहर में सुरक्षा बढ़ाते हुए पुलिस रात 11 बजे के बाद दुकानें भी बंद करा रही है। चौराहों और चाय की होटलों पर बेवजह खड़े युवाओं को रोककर कार्रवाई की जा रही है।

## गुलाब चक्कर पर आर्केस्ट्रा की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी

रतलाम। जिले में गुलाब चक्कर का स्वरूप दिन प्रतिदिन निखरता जा रहा है। गुलाब चक्कर को आमजन के लिए अब पूरी तरह खोल दिया गया है। दिन प्रतिदिन आर्केस्ट्रा एवं गीत संगीत की प्रस्तुतियां निरंतर दी जा रही है। सचिव जिला पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग ने बताया कि बुधवार को शाम 7.30 बजे से गुलाब चक्कर पर सुर ताल स्टूडियो एंड फिल्म्स रतलाम द्वारा मधुर गीतों पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में आमजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर और संगीत आर्केस्ट्रा करोके का लुत्फ उठा सकते हैं।

# शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम।**

जिले के जिला प्रशिक्षण केंद्र विरियाखेड़ी पर शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाकरण दिवस पर प्रात- 10 बजे से शाम 4 बजे तक पूरे समय उपस्थित होकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें।

गर्भवती माताओ के पंजीयन शत प्रतिशत किए जाएं तथा सभी माताओ को आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल आयरन फोलिक एसिड की गोलियां, टिटनेस का टीकाकरण की सेवाएं प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन 16 जून से 15 जुलाई तक किया जा रहा है। इसलिए कार्यक्रम के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। आयुष्मान कार्ड से शेष रहे हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी इसके साथ-साथ संबल कार्ड के हितग्राहियों के भी आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाना सुनिश्चित किया जाएगें। सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाए तथा शहरी स्वास्थ्य केंद्र के निर्धारित समय पर पूरे समय उपस्थित रहकर जन सामान्य को सेवाएं दी जाए। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं के रूप में प्रति बुधवार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर, प्रति गुरुवार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र हाकिमवाडा, प्रति शनिवार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टीआईटी रोड पर , प्रति सोमवार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिलीप नगर पर डॉक्टर आनंद चंदेलकर मेडिकल विशेषज्ञ द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। इसके बारे में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को जानकारी प्रदान की जाए। तथा विशेषकर गैर संचारी रोगों के मामलों में चिकित्सा एवं परामर्श सेवा प्रदान की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर पदस्थ चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर का मानदेय केवल सार्थक ऐप से उपस्थित प्रमाणीकरण के आधार पर ही किया जाएगा।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक टी बी के रोगियों की खोज करने तथा कुष्ठ के नए मामलों की खोज करने और कुष्ठ पीड़ितों के उपचार की निगरानी रखने के संबंध में निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान आईडीएसपी मामलों में समय पर रिपोर्टिंग करने , ऑनलाइन दवाइयां का स्टॉक करके सभी प्रकार की दवाइयां एवं परिवार कल्याण के साधन उपलब्ध रखने के बारे में निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पी एस आई इंडिया की सिटी मैनेजर सुश्री भारती रावत ने परिवार कल्याण के अस्थाई साधन के इच्छुक दंपतियों को परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करने हेतु कहा तथा परिवार कल्याण की कार्य योजना अनुसार कार्य उपलब्धि लाने के संबंध में समन्वय स्थापित किया। बैठक के दौरान डी एच ओ डॉक्टर राजेश मंडलोई , मीडिया अधिकारी आशीष चौरसिया, ए पी एम सह एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ गौरव बोरीवाल, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी, एन एम ए शरद शुक्ला, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, हेमंत मकवाना, विकास पटेल, नरेंद्र कछावा, संदल राहोरी, गोविंद उत्तेरिया, डॉ अभय ओहरी आदि उपस्थित रहे।





# कुत्ता सामने आया, ऑटो पलटने से 10 घायल

### दो मासूम शामिल, जानवर की मौत; ओवरलोड वाहन रामपुरिया से रतलाम आ रहा था

**रतलाम।**

रलाम-शिवगढ़ रोड के अंदर रामपुरिया छोटा फंटा के पास मंगलवार सुबह ओवरलोड ऑटो पलट गया। 10 लोग घायल हो गए। इनमें 2 बच्चे भी शामिल हैं। हादसा रोड पर कुत्ते के आने की वजह से हुआ है।

घटना में कुत्ते की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां थीं। ऑटो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लेकर रामपुरिया से रतलाम आ रहा था।

रामपुरिया फंटा छोटी पुलिया के समीप अचानक ऑटो के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने में ऑटो चालक का बैलेंस बिगड़ गया और ऑटो पलटी खा गया। अचानक से हुए घटनाक्रम से ऑटो में बैठे लोग समझ नहीं पाए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी मिलने पर डीडी नगर पुलिस, भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के दिनेश माल जिला अस्पताल पहुंचे।

भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के दिनेश माल ने बताया समय पर मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची। बाइक व अन्य ऑटो रिक्शा में घायलों को रतलाम जिला अस्पताल लेकर आए। सभी घायल रामपुरिया के रहने वाले है। डीडी नगर थाना पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

#### हादसे में यह हुए घायल

सलीम (65) पिता मंसूर, शमशाद बी (60) पति सलीम, वाजिद (70) पिता आजाद खान, गलीबाई (80) पिता कालू वसुनिया, कृष्णा (10) पिता प्रकाश वसुनिया, विषणा (12) पिता प्रकाश वसुनिया, सुनीता (30) पति बालू. कालीबाई (45) पति गोवर्धन खराड़ी, शांति बाई (45) पति प्रभु, कुंवरी बाई (45) पति सरदार वसुनिया घायल हो गए। सभी को हाथ-पैर में चोटे आई है।

## कौशल विकास के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**रतलाम।** कौशल विकास के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, अप्रेंटिस योजना एवं आईटीआई में प्रवेश पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। कलेक्टर श्री बाथम ने बैठक में निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करवाए। पीएम इंटर्नशिप योजना, औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए अप्रेन्टिस योजना में पंजीकरण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करे। आई टी आई मे प्रवेश के लिए 16 जून अंतिम तिथि हैं, 8 वीं अथवा 10 वीं के बाद पढाई छोड़ चुके विद्याथियों को आई टी आई मे प्रवेश करवायें। उद्योगपतियों की बैठक लेकर प्रशिक्षित हितग्राहियों को रोजगार पर रखने के लिए प्रेरित करे, विद्युत विभाग के साथ समन्वय कर हितग्राहियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध करवायें। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के नियमों के अनुसार जिले के सभी छोटे-बड़े पात्र प्रतिष्ठानों को इस योजना से जोड़ें तथा अन्य सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए की सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रंगार श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनीता सागर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहायक संचालक श्रीमती रश्मि तिवारी, लीड बैंक मैनेजर मोहनलाल मीणा, सामाजिक न्याय एवं कल्याण विभाग उपसंचालक श्रीमती संध्या शर्मा, महिला बाल विकास आर. के. मिश्रा, प्राचार्य जिला नोडल वाय. के. मिश्रा, जिले की समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्य एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुलाब चक्कर परिसर पर रंगारंग आर्केस्ट्रा आयोजित किया गया

**रतलाम।** शहर का गुलाब चक्कर आमजन के लिए खुलने के बाद अब रंगारंग गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। सोमवार को गुलाब चक्कर पर कलेक्टर श्री राजेश बाथम की उपस्थिति में गीत संगीत आर्केस्ट्रा आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाशाली कलाकारों ने जोरदार प्रदर्शन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में आकर कार्यक्रम के आनंद से सराबोर हो रहे हैं। संध्या काल में गुलाब चक्कर की रोशनी सभी आगंतुकों को आकर्षित कर मन मोह रही है। इस संबंध में आमजन से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों का आनंद लेवे। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर राजेश बाथम सहित संयुक्त कलेक्टर संजीव केशव पांडे, सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण कुमार पाठक सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल हुए।




# जनसुनवाई में 126 आवेदन पर हुई सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 126 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में शिव नारायण पिता भेरूलाल निवासी ग्राम भुतेड़ा तह. जावरा ने आवेदन दिया कि माता मंदिर के पास की शासकीय भूमि पर विक्रम पिता कारू जी द्वारा जबरन अवैध रूप से अतिक्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत मकान का निर्माण किया जा रहा है जिससे मंदिर के रास्ते में अवरोध होगा, कार्यवाही हेतु तहसीलदार जावरा को निर्देशित किया गया। सुनील पिता बाबुलाल टाक द्वारा आवेदन दिया कि वर्तमान



में निवासरत भूमि 2014 में क्रय की गई थी परन्तु भू-अधिकार पुस्तिका कालम नं 5 में विक्रेता का नाम ही चल रहा है त्रुटी सुधरवाने हेतु तहसील रावटी एवं अनुविभागीय अधिकारी सैलाना के 3-4 माह से चक्कर काटने पड़ रहे है परन्तु निराकरण नही हो रहा है, कार्यवाही हेतु संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया गया। अर्जुन पिता ईश्वरलाल ने आवेदन दिया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने घर में शौचालय बनवाया लेकिन शौचालय के पैसे अभी तक प्राप्त नहीं हुए है, कार्यवाही हेतु जिला पंचायत शिकायत शाखा को निर्देशित किया। भुलीबाई विधवा विकलांग पति मडिया निवासी चैनपुरा तह. रावटी की कृषि भूमि अन्य व्यक्तियों द्वारा बेच दी गई है, पति की मृत्यु 25 पूर्व हो चुकी है, जीवन यापन करने के लिए कोई जमीन नहीं है, जमीन वापस दिलवाने हेतु आवेदन दिया गया, कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। भुपेन्द्र व्यास निवासी पेलेस रोड़ रतलाम द्वारा आवेदन दिया गया कि महलवाड़ा के मुख्य द्वार के सामने चारा का ठेला एवं ऑटो रिक्शा लेकर मुख्य मार्ग पर गायो को चारा डाला जाता व बेचा जाता है जिससे महलवाड़ा के मुख्य मार्ग पर गंदगी हो जाती है, कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया। जुझार सिंह पिता कालूसिंह निवासी मांगरोल ने 8 वर्ष पूर्व भायक कुमार से जमीन खरीदी थी परंतु पटवारी द्वारा अभी तक नामांतरण नही कराया गया, नामांतरण करवाने हेतु आवेदन दिया, कार्यवाही हेतु तहसीलदार रतलाम शहर को निर्देश दिए। गोपाल पिता बालुजी प्रजापत निवासी गांव निपानिया राजगुरु तहसील आलोट, दोनो पैरों से विकलांग है मोटरसाईकल है लेकिन बैटरी खराब होने से आने-जाने में असमर्थ है, मोटरसाईकल की बैटरी प्रदान करने के लिए आवेदन दिया, उप संचालक सामाजिक न्याय को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। गीता बाई पति स्व. कृष्णदास बैरागी निवासी ग्राम लखनेटी तहसील आलोट के पति कृष्णदास की 2018 में विद्युत तार से करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, जो एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे, आय का कोई साधन नहीं है, शासकीय योजना अंतर्गत सहायता प्रदान करने के लिए आवेदन दिया, सीईओ जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

# कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताई जा रही उन्नत तकनीको का उपयोग किसान भाई अपनी आय बढ़ाने में करे : सांसद

### सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में की सहभागिता

**रतलाम।**

ग्राम पंचायत अमरपुराकलां विकासखण्ड बाजना एवं ग्राम जामथुन विकासखण्ड रतलाम में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें रतलाम झाबुआ क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं बाजना मण्डल के सभी पदाधिकारियों एंव जनप्रतिनिधियों एवं राजस्व विभाग के अमले के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र कालूखेडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा श्री निर्भय सिंह नर्गेश, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनुभाग सैलाना श्री एन.एस.मण्डलोई, तथा बडी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहें। सांसद श्रीमती चौहान द्वारा प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री के विकसित कृषि संकल्प अभियान से कृषकों को लाभ लेने एवं अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई सोयाबीन, मक्का, एवं कपास की उन्नतशील प्रजातियों को लगाने हेतु कृषकों को अभिप्रेरित किया गया




एवं किसानों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताई जा रही उन्नत तकनीको का उपयोग किसान भाई अपनी आय बढ़ाने में करे। कार्यक्रम में कृषको की उपस्थिति को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब बाजना विकासखण्ड कृषकों द्वारा अपनाये जाने वाले कृषि नवाचारों से रतलाम जिले में कृषि में समृद्ध विकासखण्ड होगा। जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय द्वारा किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नवीन तकनीकियों को अपनाने का आव्हान किया गया।

श्री भीका वास्के सहायक संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला रतलाम द्वारा बताया गया कि 29 मई से 09 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन रतलाम जिले की 108 पंचायतों में किया जा चुका है। शेष 27 पंचायतो में भी अभियान 12 जून 2025 तक जारी रहेगा। इस अभियान में कृषि विभाग के अलावा, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र कालूखेडा, राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इंदौर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के द्वारा केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा खरीफ पूर्व तैयारियों, उन्नत किस्मों के बीजों के बारे में, दवाईयों के बारे में, किसानों को शिविर के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## पुलिस थाना, सीएसपी कार्यालय से लेकर 181 सीएम हेल्पलाईन तक लगाई गुहार



**नागदा।** भैरूलाल ने इस संबंध में दिनांक 9 अप्रैल, 2025 को पुलिस थाना नागदा मंडी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। थक-हारकर, भैरूलाल ने सीएसपी कार्यालय नागदा और यहां तक कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन उन्हें अभी भी न्याय का इंतजार है।

### कानून व्यवस्था पर सवाल

यह मामला बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और संपत्ति विवादों में न्याय प्रणाली की धीमी गति को उजागर करता है। भैरूलाल की दुर्दशा एक मार्मिक उदाहरण है कि कैसे परिवार के सदस्य ही अपने बुजुर्गों को बेसहारा छोड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब इस बुजुर्ग की गुहार सुनता है और उन्हें उनका हक दिलाता है।

## विकास के नए अध्याय की शुरुआत नागदा में विकास की नहीं उड़ान– नपा अध्यक्ष गहलोत

**नागदा जं. निप्र।** सोमवार शाम को नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा आयोजित वार्ड क्रमांक 22 में जो शहर के मध्य स्थित केशव



माधव गार्डन के तीसरे फेस का लोकार्पण एक नक्षत्र वाटिका के रूप में किया गया है और उसे गार्डन का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया गया इस दौरान माधव पार्क में 61 फीट राष्ट्रीय ध्वज का ही लोकार्पण किया गया साथ ही नगर की प्रमुख रोड जो बिरलाग्राम और मंडी को जोड़ती है उसे रोड का नाम भी छत्रपति वीर शिवाजी पथ किया गया यह कार्य जनता को समर्पित किया

नपा अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत ने कहा कि समस्त नगर वासियों से आग्रह किया की आप इस पथ का नाम शिवाजी पथ के नाम से जाना जाए और यह गार्डन आपका अपना गार्डन है इसकी सौंदर्यता और स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान भी हम सभी को गर्व के साथ करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सुल्तान सिंह शेखावत, जिला महामंत्री धर्मेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने स्वागत भाषण दिया साथ ही सभी सभी को संबोधित किया। पूर्व नपा अध्यक्ष गोपाल यादव राजेंद्र अवाना, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राम सिंह शेखावत सज्जन सिंह शेखावत पूर्व मंडल अध्यक्ष बउ अतुल पार्षद गौरव यादव, भावना रावल, अनीता मीणा राम कुंवर सिसोदिया , बिट्टू यादव, आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम के समापन के पूर्व सिंदूर के बीच का रोपण किया गया। साथ पूर्व में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार किया गया कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था थी। कार्यक्रम का संचालन नपा उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने किया। प्रकाश जैन ने माना और उन्होंने बताया कि मालूम हो कि इस पार्क को नक्षत्र वाटिका की तर्ज पर तैयार किया गया है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग रतलाम**

**//नामान्तरण सूचना//**

मंडल की विकसित आवासीय कॉलोनी दिनदयाल नगर रतलाम स्थित भूखंड क्रमांक बी/121 एल. आई. जी. इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र. 3477 दिनांक 31.10.2019 के द्वारा श्री मनीष पिता श्री श्यामसुंदर अग्रवाल के नाम पर नामांतरित किया गया है। जिसका भूमिपट्टाभिलेख उप पंजीयक कार्यालय रतलाम में दिनांक 31.05.2005 को निष्पादित कर दी गई है। श्री मनीष पिता श्री श्यामसुंदर अग्रवाल के द्वारा उक्त भवन का विक्रय कर श्रीमति अर्जिता जैन पति श्री गौरव जैन के नाम पर उप पंजीयक कार्यालय रतलाम में दिनांक 25.04.2025 को उप पंजीयक कार्यालय रतलाम में निष्पादित करा लिया गया है। श्रीमति अर्जिता जैन पति श्री गौरव जैन द्वारा उक्त भवन का नामांतरण स्वंय के नाम पर करवाने हेतू इस कार्यालय में आवेदन पत्र रजिस्ट्री की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र आदि प्रस्तुत किये गये है। भूखंड क्रमांक बी/121 एल. आई. जी. दिनदयाल नगर रतलाम को विक्रय से विक्रय आधार पर तथा प्रस्तुत दस्तावेज शपथ-पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर श्री मनीष पिता श्री श्यामसुंदर अग्रवाल से श्रीमति अर्जिता जैन पति श्री गौरव जैन के नाम पर नामान्तरण किया जाना प्रस्तावित है । इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 15 दिन की अवधि में लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त आवासीय भूखंड क्रमांक बी/121 एल. आई. जी. दिनदयाल नगर रतलाम का नामान्तरण श्री मनीष पिता श्री श्यामसुंदर अग्रवाल के नाम से श्रीमति अर्जिता जैन पति श्री गौरव जैन के नाम पर कर दिया जावेगा तथा इसके पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या उन मान्य नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा प्रबंधक,**
**म.प्र.गृ.नि. एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**

# खुली छुट दी तो भारतीय सेना ने अपना रोद्र रूप दिखाया : डॉ.सोहोनी

## श्री राम विद्या मंदिर में आपरेशन सिन्दूर भारतीय शोर्य की नई गाथा विषय पर हुई व्याख्यान माला

**जावरा ।** सेना को खुली छुट देने के परिणाम स्वरूप भारतीय सेना ने अपना रूद्र रूप दिखाया और आतंकवादियों के न सिर्फ ठिकाने नष्ट किए बल्कि पाकिस्तान के एटमी युद्ध की धमकी की भी हवा निकाल दी।




ऑपरेशन सिंदूर मे मिली सफलता के परिणाम स्वरूप पहली बार भारत युद्ध में सफल होकर निकला है और उसने किसी दबाव में ना आकर अपनी शर्तो पर युद्ध को रोका है। जबकी 1965 में ताशकंद समझौता कर टेबल पर समझौता किया वही 1971 मे विश्व के सबसे बड़े आत्मसमर्पण के बाद भी शिमला मे समझौता करना पडा। यह भारतीय सेना के शोर्य का प्रतिफल है। उपरोक्त विचार अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन एवं समग्र मालवा द्वारा मनाए जा रहे मालवा विचार मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत श्री राम विद्या मंदिर में व्याख्यान माला मे आपरेशन सिन्दूर भारतीय शोर्य की नई गाथा विषय पर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य डॉ.रविन्द्रकुमार सोहोनी ने व्यक्त किए। डॉ.सोहोनी ने अपने 40 मिनिट से भी अधिक समय के उद्बोधन मे ऑपरेशन सिंदूर एवं भारतीय सेना के शोर्य की अनेक विशेषताओं पर प्रकाश डाला। आपने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह , राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना के सीडीएस, तीनो सेना अध्यक्षो के समन्वय एवं निर्णय क्षमता की भी सराहना की। इस अवसर पर डॉक्टर सोहनी ने पहलगाम में मारे गए 26 भारतीयों एवं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ घनश्याम बटवाल ने कहा कि युद्ध समाधान नहीं है, मगर उसका प्रतिकार करना आवश्यक है और ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने दुश्मन का प्रतिकार किया। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति के रूप में उभरा है। जो नए भारत की और इशारा करता है। आपने कहा कि अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित मालवा विचार मंथन का आयोजन प्रशसनीय है वैचारिक समागम होना चाहिए।

### कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रमुख अभय

कोठारी ने कहा कि मालवा विचार मंथन एक वैचारिक अनुष्ठान है और इसके माध्यम से नागरिकों विचारों का आदान-प्रदान होना चाहिए। आज इस प्रकार के आयोजनों की कमी होती जा रही है। मालवा विचार मंथन उसे कमी को दूर करने का प्रयास कर रहा है। आपने कहा कि संस्था अपने 25 वर्ष में प्रवेश कर रही है। तथा इसका रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिती

अतिथियों का स्वागत रमेश मनोहरा, मनोहर सिंह चौहान, जगदीश उपमन्यु, कारूलाल जमडा, अशोक तिवारी, विनोद चौरसिया, वीरेंद्र सिंह चौहान, महेश शर्मा, दिलीप त्रिवेदी, अभय श्रीवास्तव अमित ताम्रकार, श्रीमती लक्ष्मी जोशी आदि ने किया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा डॉ.रविंद्र कुमार सोहोनी, विशेष अतिथि डॉ. घनश्याम बटवाल, अजीजुद्दीन शेख को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संचालन आयोजन समिति संयोजक डॉ.राजेंद्र त्रिवेदी ने एवं आभार जगदीश उपमन्यु ने माना।

## संदीप रांका राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत

**जावरा ।** परिवार द्वारा दिए गयें सेवा समर्पण त्याग की राह पर चलने के संस्कार को गुरु के मार्गदर्शन में गुरु के आर्शीवाद से सेवा करने का जो अवसर मिलता है वह हमारे लिये गोरव की बात होती है।



उक्त बात को सार्थक करते हुए श्री आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली की आत्म ध्यान राष्ट्रीय योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि कुमार कर्नावट ने संदीप रांका जावरा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया। साथ ही जैन कांफ्रेंस मध्यप्रदेश के अध्यक्ष हुलास बैताला द्वारा गुरु संदीप रांका जैन कांफ्रेंस म प्र के वरिष्ठ मार्गदर्शक पर मनोनीत किया है। हाल ही में लायंस क्लब जावरा के वर्ष 2025-2026 के लिए संदीप रांका को सह सचिव मनोनीत किया गया है। रांका वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी के साथ विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय रुप से कार्य कर रहे हैं। श्री रांका पूर्व में भी जैन कांफ्रेंस में राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मंत्री के साथ विभिन्न पदों पर कार्य किया हैं। श्री रांका पुज्य गुरुदेव दिवाकर श्री चोथमल म सा के प्रति अघात श्रद्धा के साथ श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय साधु संतो की सेवा मैं भी अग्रणी हैं। उक्त जानकारी श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ जावरा के पुर्व अध्यक्ष बंसतीलाल चपडोद सुजानमल कोचट्टा शेखर नाहर द्वारा देते हुए बताया कि जावरा श्री संघ के लियें गौरवान्वित करने पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ जावरा के साथियों द्वारा बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## नागदा सामूहिक दुष्कर्म मामला-जांच अंतिम चरण में, 15 जून तक पेश होगी चार्जशीट

**नागदा जं. निप्र।** नागदा में लड़कियों को अश्लील वीडियो दिखाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में पुलिस की जांच अपने अंतिम चरण में है। सब कुछ ठीक रहा तो पुलिस आगामी 15 जून या इसके बाद कभी भी चार्जशीट पेश कर सकती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, उज्जैन आइजी उमेश जोगा ने 24 मई को एसआईटी सहित एसपी, एएसपी और सरकारी वकील के साथ बैठक करके मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे, जिसमें 15 जून तक चार्जशीट पेश करने की बात कही गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तकनीकी, मेडिकल और डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए हैं। एसआईटी ने सरकारी वकील के मार्गदर्शन में सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। एसआईटी की जांच पूरी हो चुकी है। ट्रायल के दौरान पीड़िताओं के बयान के साथ तकनीकी, डिजिटल, मेडिकल और वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूत आधार बनेंगे। इसके अलावा, इस मामले में 50 से अधिक गवाहों की गवाही होना है। पुलिस ने पीड़िताओं को साथ ले जाकर नक्शा मौका भी बनाया है। इस मामले में कुल 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें सूफियान, सोहेल, अरुण, तोहिद, वीरू, एक नाबालिग, जिशान (जिसके घर में वारदात हुई) और आरडी होटल का संचालक (जिसने अरुण व सूफियान को कमरा मुहैया कराया) शामिल हैं। पुलिस को इस होटल को सील करना है, हालांकि इसे लेकर कोई ताजा अपडेट नहीं आया है। उज्जैन के एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार, जांच आखिरी चरण में है। 15 जून तक चालान पेश करने का लक्ष्य है। सब कुछ ठीक रहा तो इस तारीख तक चालान पेश कर देंगे। पुलिस अपनी जांच के अंतिम चरण में है और शीघ्र ही चार्जशीट पेश करने की उम्मीद है, जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके।

## नक्षत्र वाटिका का शुभारंभ और एप्रोच रोड का नामकरण

**नागदा जं. निप्र।** नागदा में रेलवे की जमीन पर 20 लाख रुपये की लागत से नक्षत्र वाटिका का निर्माण किया गया है, जिसका अब तीसरा चरण शुरू हो गया है। इस वाटिका में 27 नक्षत्रों, 9 ग्रहों और 12 राशियों के अनुसार पौधे लगाए गए हैं। इसी के साथ माधव गार्डन में 75 फीट ऊंचे स्तंभ पर तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर एप्रोच रोड का नामकरण छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर किया गया। सोमवार को विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने मुख्य



आतिथ्य में नामकरण सहित दोनों कार्यों का लोकार्पण किया। बतौर अतिथि म.प्र. कर्मकार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत भी मौजुद थे। इस अवसर पर विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष ने सरकार के कार्यों से अवगत कराया। सांसद अनिल फिरोजिया को भी इस कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन वे किसी कारणवश नहीं पहुंच पाए। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीएम अतुल, पूर्व नपाध्यक्ष राजेंद्र अलावा, राजस्व समिति प्रभारी गौरव यादव, राकेश यादव, अनिल जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





## लदुना में अखिल भारतीय तेली महासभा की बैठक संपन्न

**जावरा बद्रीलाल चौहान ।** मंदसौर जिले के सीतामऊ जनपद पंचायत क्षेत्र के गांव लदुना में अखिल भारतीय तेली महासभा संघ की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम जी अस्तोलिया के मार्गदर्शन में ग्राम लदुना पंच कचेलिया तेली समाज धर्मशाला में आयोजित की गई बैठक ग्राम लदुना तेली समाज के युवा पुरुष एवं महिला की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक के पूर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम अस्तोलिया द्वारा बताया गया कि याद रहे । भारत सरकार ने एनपीआर करने की घोषणा की है । इसमे भारतीय नागरिक की जनगणना की जाएगी, अतः आप सभी समाज बंधु ध्यान रखें । राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर में जाति के कॉलम मे, राठौर,चौधरी, साहू, बोहरा,राजोरा, वैश्य, गुप्ता, आदि अन्य कोई सरनेम, उपनाम, अथवा कोई टाइटल नहीं लिखना है,और.. सिर्फ और सिर्फ, तेली ही लिखना है । ताकि अपने तेली समाज के जनसंख्या के आंकड़े सरकार तक पहुंचे कि.. देश में कितनी बड़ी भारीसंख्या है तेली जाति की । सभी की जाति तेली ही है हमें संगठित होकर देश समाज के हित के कार्य परिश्रम के साथ भारत को परम वैभव पर पहुंचना हे आपने समाज की धर्मशाला एवं शिक्षा मैं आर्थिक योगदान करने की बात रखी इसी के साथ राधेश्याम अस्तोलिया द्वारा ग्राम लदुना तेरी समाज के धर्मशाला में निर्माण हेतु 5001 रुपए स्वैच्छिक राशि प्रदान कर समाज का गौरव बढ़ाया इस मीटिंग में तेली समाज के अध्यक्ष कमलेश पिता बद्रीलाल तेली सीतामऊ जनपद सदस्य कन्हैयालाल तेली श्याम लाल तेली बद्री लाल तेली तेली विजय ग्राम काचरिया प्रदेश मंत्री अध्यापक राधेश्याम तेली तहसील अध्यक्ष तुलसीराम तेली बद्रीलाल तेली बाबूलाल तेली मंदसौर जिला मीडिया प्रभारी अंबालाल तेली पंकज शिव कुमार तेली विष्णु तेली महेश तेली महेश आर्मी तेली रामनारायण तेली पप्पू तेली ग्राम पंचायत पूर्व पंच शांतिलाल तेली दीपक खींची समाज की धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में महिला ग्राम पंचायत पंच कल्पना तेली टीना तेली पुष्पा तेली एवं तेली समाज के लोग उपस्थित रहे ।

## भारतीय किसान संघ द्वारा समर्थन मुल्य पर खरीदी के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**नागदा जं. निप्र ।** भारतीय किसान संघ द्वारा मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी नागदा को किसानो की फसलो को समर्थन मूल्य पर खरीदने तथा अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।



ज्ञापन में बताया कि मुंग उड़द एवं अन्य फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने हेतु उचित व्यवस्था की जाए एवं समर्थन मूल्य के आधार पर ही खरीदी हो। सरकार द्वारा विभिन्न फसलों के लिए समर्थन मूल्य तो घोषित किया जाता है पर समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कोई विशेष कानून नहीं बनाया गया जिसके कारण फसलों का भाव समर्थन मूल्य से कम भाव पर कृषि उपज मंण्डीयों में किसानों को मिलता है। इसके लिए सरकार कोई ठोस कदम उठाए। अभी वर्तमान में बौनी का समय है डीएपी और 12,32,16 इफको खाद की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। जो सहकारी समितियो एवं बाजारों में कहीं भी उपलब्ध नहीं है। खाद की आवश्यकता को देखते हुए किसानों को अति शिघ्र खाद उपलब्ध करवाया जाए। विगत वर्षो में किसानो की फसलसल उत्पादन मे भारी नुक्सान हुआ था जिसका सर्वे भी किया गया था पर अभी तक फसल बिमा की राशी नही दी गई है जो शिघ्र किसानो को दी जाए।

नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में असमय बिजली की कटोती की जा रही है जो अतिशिघ्र बंद किया जाए एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग में आने वाली बिजली को सुचारू रूप से संचालित किया जाए । नागदा एवं उन्हेल क्षेत्र के तालाबों को जल सर्वधन योजना के अतंर्गत गहरीकरण एवं पक्की नेहरों का निर्माण किया जाए ।

संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि विभिन्न समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाए अन्यथा भारतीय किसान संघ चरणबद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेगा।

इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष उदय सिंह आंजना जिला कार्यकारिणी के राजस्व प्रमुख नागेश्वर जी शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य यशवंत आर्य, चंद्रभानसिंह नरूका तहसील अध्यक्ष लीलाधर पटेल मंत्री प्रकाश राठौड़ कार्यकारिणी के सदस्य रामरतन, जसवंत अंजना, प्रेमसिंह चौहान, प्रभुसिंह गुर्जर, प्रेमलाल सोलंकी, रामचंद्र सोलंकी, नगर अध्यक्ष अग्निवेश पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूरन ने इन कारणों से लिया होगा संन्यास !

**जमैका ।** वेस्टइंडीज के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन के केवल 29 साल की उम्र में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही प्रशंसक भी हैरान है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अच्छे प्रदर्शन के बाद भी पूरन ने इतनी जल्दी संन्यास क्यों लिया।

साल 2015 में चोटिल होने के बाद डॉक्टरों ने पूरन से कहा था कि वह अब शायद ही आगे खेल पायें। इसके बाद भी इस क्रिकेटर ने अपनी मेहनत, रिहैब और इच्छाशक्ति के बल पर वापसी करते 60 से ज्यादा एकदिवसीय और 100 से ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच वेस्टइंडीज के लिए खेले हैं। ऐसे में जब उनकी फिटनेस भी अच्छी है और उनका बल्ला भी अच्छा चल रहा है तब उनके संन्यास का कारण समझ में नहीं आ रहा। इन हालातों में उनके संन्यास को लेकर अलग-अलग कारण बताये जा रहे हैं।

### 1 विदेशी लीग में मिलने वाला पैसा

इसका एक सबसे बड़ा कारण विदेश लीग में खेलने का अधिक समय मिलना है। पूरन ने हाल ही मैं आईपीएल में भी खेला था। विदेश लीग में जितन पैसा वह कमा सकते हैं। उसका अच्छा भी वेस्टइंडीज की ओर से खेलने में नहीं मिलेगा। वह अगर टीम के लिए 10 साल खेलें तब



जाकर उनको इतने पैसे मिलेंगे, जितनी उनकी आईपीएल 2025 की कमाई थी। करीब दो करोड़ रुपये एक सत्र के लिए वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों को मिलते हैं, जबकि आईपीएल 2025 सत्र में ही दो महीने में पूरन ने 21 करोड़ कमा लिए हैं। ऐसे में उनके संन्यास का सबसे बड़ा कारण है अब वह अलग-अलग लीग में खेलकर मोटी कमाई कर सकेंगे।

### 2 बोर्ड से मतभेद

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच हाल ही में तीन मैचों की एकदिवसीय मैचों सीरीज और इतने ही मैचों की अब टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के लिए पूरन ने ये कहकर नाम वापस ले लिया था कि वह आईपीएल में व्यस्त हैं। हालांकि, वे टी20 सीरीज के लिए उपलब्ध हो सकते थे पर फिर भी वे इस सीरीज से दूर रहे। ऐसे में माना जा रहा है कि उनके और बोर्ड के बीच मतभेद होंगे। ये भी उनके संन्यास का कारण हो सकता है।

### 3 मानसिक थकान

जब आप लंबे समय तक क्रिकेट खेलते हैं तो आपको शारीरिक थकान होती ही है, लेकिन साथ में मानसिक थकान भी इन दिनों एक बड़ी समस्या है। हो सकता है कि इन्हीं चीजों से बचने के लिए उन्होंने संन्यास लिया हो। आईपीएल 2025 के बाद उनको अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खेलनी थी और फिर कुछ महीने बाद कैरेबियन प्रीमियर लीग का आयोजन होना है। अगर कोई क्रिकेटर दो प्रारुप में खेलता है और दो या इससे ज्यादा लीग में खेलता है तो उसके पास तरोताजा होने का का पर्याप्त समय नहीं होता है।

# दीपिका पादुकोण पीएसबी के नाम से देश भर में 75 बैडमिंटन कोचिंग सेंटर खोलेंगी

**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण बैडमिंटन की भी अच्छी खिलाड़ी रही है। बैडमिंटन उनको विरासत में मिला है। उसके पिता प्रकाश पादुकोण ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियन रहे हैं। दीपिक फिल्मों में आने से पहले राष्ट्रीय स्तर पर भी बैडमिंटन खेलती थीं। दीपिका ने बताया कि बैडमिंटन उनका पहला प्यार है इससे खेलते हुए बड़ी हुई हैं।

इस खेल ने उनकी ज़िंदगी को नया लक्ष्य दिया है। ऐसे में वह चाहती हैं कि और लोग भी इस खेल से जुड़ें, इसके लिए वह उन्होंने पूरे देश में पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के नाम से 75 नए सेंटर खोलने जा रही है। दीपिका ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर भी साझा की है। इसमें वह अपने पापा प्रकाश पादुकोण के साथ नजर आ रही हैं।

इस तस्वीर को साझा करते हुए इस अभिनेत्री ने लिखा, मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने अनुभव किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भी।दीपिका ने कहा कि पीएसबी के 75 नए सेंटरों के जरिए हम चाहते हैं कि बैडमिंटन की खुशी और अनुशासन हर क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे। हमारा लक्ष्य है कि एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो, जो सेहतमंद हो, ध्यान से काम करे और खेलों से प्रेरित हो।

इसमें प्रकाश पादुकोण मार्गदर्शन देंगे। पीएसबी अपने पहले ही साल में भारत के 18



शहरों में 75 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स शुरू करेगा। इन शहरों में बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, जयपुर, पुणे, नासिक, मैसूर, पानीपत, देहरादून, उदयपुर, कोयंबटूर, सांगली और सूरत जैसे शहर शामिल हैं। बैडमिंटन फॉर ऑल के मिशन के साथ, पीएसबी का लक्ष्य है कि साल के अंत तक 100 सेंटर्स और अगले तीन सालों में 250 सेंटर्स तक पहुंचा जाए। इसमें आगे कहा गया है कि अकादमी का मकसद है कि अच्छी और किफायती बैडमिंटन कोचिंग हर किसी को मिल सके, चाहे वह किसी भी उम्र का हो। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में बनाई गई कोचिंग पद्धति के जरिए, यह संस्था देश भर के स्कूल के बच्चों और कामकाजी लोगों को बैडमिंटन से जोड़ना चाहती है। साथ ही, यह उन लोगों को भी मदद देना चाहती है जो बैडमिंटन कोच बनना चाहते हैं, ताकि उन्हें अच्छी ट्रेनिंग और एक स्थिर करियर मिल सके। उनका लक्ष्य पहले से मौजूद स्पोर्ट्स वेन्यू के साथ मिलकर छोटे-छोटे ट्रेनिंग सेंटर शुरू करता है। इन सेंटर्स से चुने गए अच्छे खिलाड़ी बेंगलुरु में मौजूद इसके तीन बड़े हाई-परफॉर्मेंस सेंटर्स में एडवांस ट्रेनिंग के लिए भेजे जायंगे। इसमें 100 से ज्यादा कोचों को एक खास ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत तैयार किया गया है। इसके साथ ही, पीएसबी के पास सबसे आधुनिक सुविधाएं हैं।

# जब आईपीएल में विराट को आउट कर बुमराह ने बनायी थी पहचान

**नई दिल्ली ।**

जसप्रीत बुमराह आज भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं। वहीं विराट कोहली ने टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया है। 2013 में जसप्रीत बुमराह ने केवल 19 साल की उम्र में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए विराट को गेंदबाजी की थी। तब विराट विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल थे जबकि बुमराह एक उभरते हुए तेज गेंदबाज। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि एक दिन बुमराह भारतीय टीम के डेथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज बन जाएंगे।

बुमराह को जब इस मैच में डेब्यू करने का मौका मिला। तो उन्होंने अपने पहले ही ओवर में शानदार गेंदबाजी की। इससे सबसे बड़ी उनकी उपलब्धि विराट का विकेट लेना रहा।.विराट आउट होने से पहले विराट कोहली उस समय अच्छी लय में दिख रहे थे और बुमराह की पहला 4 गेंदो पर 3 चौके लगा चुके थे पर बुमराह की



एक अंदर आती गेंद को वह समझ नहीं पाए और एलबीडब्यलू हो गए। यह पल आईपीएल इतिहास में इसलिए खास बन गया क्योंकि एक युवा गेंदबाज़ ने सबसे बड़े बल्लेबाज़ को पहली ही टक्कर में आउट कर दिया। इस पहले ही मैच में बुमराह ने तीन विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा।

इस मैच ने बुमराह को काफी लाभ हुआ क्योंकि विराट कोहली को आउट करना एक बड़ी उपलब्धि थी और इससे उनका मनोबल भी बढ़ा जिससे बाद बुमराह लगातार आगे बढ़ते गये। आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद वह भारतीय टीम में पहुंचे और उसके बाद लगातार ऊंचाईयों पर जाते रहे। साल 2013 की उस टक्कर ने न केवल ने भारतीय क्रिकेट को बुमराह जैसा शानदार गेंदबाज दिया । बुमराह आज भी उस मैच को नहीं भूल पाये हैं।

## 'स्टोलन' को प्यार मिलना वाकई खास है



आज के सिनेमाई माहौल में जहां बड़ी-बड़ी फिल्में और बड़े बजट के प्रोजेक्ट्स ही छाए रहते हैं, वहीं अभिषेक बनर्जी की फिल्म 'स्टोलन' यह साबित कर रही है कि कंटेंट पर आधारित कहानियां भी दर्शकों को अपनी तरफ खींच सकती हैं। यह थ्रिलर फिल्म इस समय प्राइम वीडियो पर भारत और अमेरिका दोनों में टॉप 10 में ट्रेंड कर रही है, जो फिल्म और इसके मेकर्स के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।फिल्म को सिर्फ फिल्म प्रेमियों से ही नहीं, बल्कि आम दर्शकों से भी खूब तारीफ मिल रही है, जो सोशल मीडिया पर जमकर रिव्यू शेयर कर रहे हैं। वर्ड ऑफ माउथ (दर्शकों के मुंह से प्रचार) भी तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे 'स्टोलन' इस सीज़न की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनती जा रही है।

## मिया मेलज़र ने मनाया वर्ल्ड ओशन डे

जब ग्लैमर का तड़का मिलता है रेत भरे जूतों और समाज सेवा से, तब बनता है एक दमदार रील-से-रियल मूमेंट! इंटरनेशनल एक्ट्रेस मिया मेलज़र, जिन्हें आपने स्टोलन, बियॉन्ड द क्लाउड्स और द ब्रेड जैसी फिल्मों में देखा है, इस बार किसी शूट के लिए नहीं, बल्कि बीच साफ करने के लिए पहुँचीं मुंबई के चौपाटी पर।वर्ल्ड ओशन डे के मौके पर कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट की अगुवाई में (नेतृत्व में श्रीमती निदर्शना गोवानी) आयोजित हुआ ये मेगा क्लीनअप ड्राइवज। मिया ने मस्ती से कहा, बिलकुल बच्चे जैसी एक्साइटमेंट थी! बीच सिर्फ बैकड्रॉप नहीं होता, ये हमारी आत्मा का हिस्सा है। इतने जोश से भरे लोगों के साथ मिलकर सफाई करना ऐसा था जैसे धरती का रीसेट बटन दबा दिया हो!



## तमन्ना के साथ सबसे बड़ी सेल का ऐलान




लाइफ़स्टाइलफैशन डेस्टिनेशन्स अपनी एंड ऑफ सीजन सेल शुरू कर रहा है, जिसका लोग बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसमें खरीदारों को लेटेस्ट और मॉर्डन फैशन प्रोडक्ट की एक लंबी-चौड़ी कैटेगिरी पर 50त तक की छूट दी जा रही है। सीज़न को और रोमांचक बनाते हुए, लाइफ़स्टाइल ने इस कैंपेन के लिए खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है। अपने नेचुरल चार्म और अखिल भारतीय अपील के लिए जानी जाने वाली तमन्ना ने इस नए कैंपेन में ग्लैमर और भरोसे का अनोखा मेल पेश किया है। , लाइफ़स्टाइल के कुछ सबसे पसंदीदा ब्रांड्स के लुक का एक वाइब्रेंट, हाई-ऑन स्टाइल वाला शोकेस है। ऐसा उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखते हुए किया गया है - चाहे वह एक ऑल-ब्लैक आउटफिट हो या एथनिक पहनावा, तमन्ना आसानी से हर लुक को अपना बना लेती हैं।

## एकल परिवार से बेहतर कुछ नहीं



प्रसिद्ध निर्माता-लेखक अभिज्ञान झा, , मानते हैं कि संयुक्त परिवार के विरोध में तो नहीं हैं, लेकिन यदि व्यक्ति को आगे बढ़ना और विकास करना है तो एकल परिवार से बेहतर कुछ नहीं।उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति में कुछ गहराई से टूटा हुआ है, जिसे हम स्वीकार ही नहीं करना चाहते। ये राजनेताओं की वजह से नहीं है, ना शिक्षा प्रणाली की वजह से, और ना ही धर्म की वजह से। भारत में सबसे बड़ा सेंसरशिप %परिवार% है। विशेष रूप से उसे सवालों से परे मानना। एक बुनियादी बात से शुरू करता हूं – माता-पिता पर मज़ाक करना आज भी इतना बड़ा मुद्दा क्यों है? रणवीर (अल्हाबादिया) ने अपने माता-पिता को लेकर कुछ हल्के-फुल्के मज़ाक किए और इंटरनेट फट पड़ा। क्यों? क्या वे अभद्र थे? हो सकता है। लेकिन ये व्यक्तिगत संवेदनशीलता का मामला है। असली मुद्दा इससे गहरा है – हमें बचपन से सिखाया गया है कि माता-पिता – और विस्तार में पूरा परिवार – आलोचना से परे हैं। वे पवित्र हैं। जैसे भगवान।

## लीड रोल में वापसी कर रहीं सुम्बुल



अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर छह साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं, और इस बार बतौर मुख्य अभिनेत्री। उनकी आगामी फिल्म झाड़ फूंक में वह पहली बार लीड रोल निभा रही हैं, जिसे लेकर वे बेहद उत्साहित हैं। इस खास पल को लेकर सुम्बुल कहती हैं, ÷मैंने इसे अपने लिए मैनिफ़ेस्ट किया था।÷2019 में आई फिल्म॰ह्लह्लद्बष्द्ग 15 में निभाए अपने छोटे मगर असरदार किरदार को याद करते हुए सुम्बुल कहती हैं, ÷मैं हमेशा खुद से कहती थी, 'मुझे और फिल्में करनी हैं, लेकिन अगली बार लीड रोल में।' और अब जब ये सच हो रहा है, तो सेट पर पहुंचने तक मुझे यकीन ही नहीं हुआ।÷झाड़ फूंक सुम्बुल के करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है, जहां वे पहली बार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## फेम कभी आपका अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए

ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अभिनेता राहुल शर्मा का मानना है कि प्रसिद्धि (फेम) किसी भी कलाकार की यात्रा का सह-उत्पाद होती है, न कि अंतिम उद्देश्य। वे कहते हैं, फेम एक ऐसा परिणाम है जो आपकी मेहनत, लगन और किरदारों के ज़रिए लोगों पर छोड़े गए प्रभाव से जुड़ा होता है। इसे केवल एक पड़ाव की तरह देखना चाहिए, न कि मंज़िल की तरह।राहुल मानते हैं कि टेलीविज़न शोज़ के ज़रिए आपको आपके किरदार के नाम से पहचान मिलती है, लेकिन वह पहचान भी स्थायी नहीं होती। उन्होंने कहा, ये इस बात पर निर्भर करता है कि आपने लोगों के मन पर कितना असर डाला। अगर आप मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, तो लोग आपको उस किरदार के नाम से याद रखेंगे।



## शील वर्मा बबलू के नए अवतार में



शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन में हाल ही में जयवीर की अकस्मात मौत होने से दर्शकों का दिल टूट गया, जिसके बाद अब उन्हें जल्द ही एक बड़ा सरप्राइज़ मिलने वाला है। जी हाँ, खबर यह है कि शो में शील वर्मा की एक बार फिर एक नए अवतार में वापसी हो रही है। इस बार वे जयवीर के शांत और गंभीर स्वभाव से बिल्कुल उलट बबलू के नए रूप में नज़र आएँगे।शील वर्मा मुस्कुराते हुए बताते हैं, एक ही शो में दो बिल्कुल अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जयवीर का किरदार शाही, गंभीर और शांत स्वभाव का था, लेकिन बबलू का किरदार एकदम उल्टा है। उसका स्वभाव मज़ेदार, फुल एनर्जी से भरपूर है और सबसे बड़ी बात कि वह हनुमान जी का बहुत बड़ा भक्त है। भले ही बबलू पेशे से चोर है, लेकिन वह बहुत चालाक और विनम्र इंसान है। उसकी सोच है कि औरतें मर्दों से कमजोर होती हैं।

## गेमरलोग का धमाकेदार ट्रेलर

अमेज़न एमएक्स प्लेयर आगामी सीरीज %गेमरलोग% का धमाकेदार ट्रेलर जारी करते हुए इस बहुप्रतीक्षित कॉमेडी-ड्रामा का ऐलान किया। यह सीरीज अभिनय देव और नीता शाह द्वारा उनके प्रोडक्शन हाउस आरडीपी पल्प फिक्शन एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है और इसका निर्देशन आर्या देव ने किया है। दर्शील सफारी, अंजलि शिवरामन, चिन्मय चंद्रांशु, कुणाल भान, चेतन धवन, शुब्रॉय चौधरी और आकाश मेनन जैसे शानदार युवा कलाकारों के साथ, गेमरलोग 12 जून से स्ट्रीम होगी।यह ट्रेलर रघु उर्फ़ मैवरिक की कहानी को दिखाता है – एक शांत और प्रतिभाशाली युवा गेमर जो अपने छोटे शहर की ज़िंदगी से, अपने माता-पिता की इच्छाओं के खिलाफ जाकर, मुंबई के चकाचौंध भरे गेमिंग सर्किट में अपने सपने को पूरा करने के लिए निकल पड़ता है।



## मुख्यमंत्री ने किया संदर्भ पुस्तक का विमोचन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में 'विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम.. मोदीज भारत @2047' संदर्भ पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट सहित पुस्तक के संकलन कर्ता श्री ऊनमीत सिंह नारंग उपस्थित थे।

## भोपाल में गायों की संख्या में वृद्धि लेकिन बैल हो रहे हैं गायब



भोपाल। मध्यप्रदेश में गायों और बैलों की आबादी के बीच बड़ा असंतुलन सामने आया है। पशुपालन निदेशालय के ताज़ा अनुमानों के अनुसार, राज्य में गायों की कुल आबादी का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि बैलों और सांडों की संख्या महज़ 15 प्रतिशत रह गई है। अधिकारियों को आशंका है कि आने वाले वर्षों में यह अंतर और गहराएगा, क्योंकि बैलों की उपयोगिता में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पशुपालन विभाग के अनुसार, खेती में ट्रैक्टर और आधुनिक मशीनों के बढ़ते उपयोग के कारण किसान अब पारंपरिक बैल आधारित कृषि से दूरी बना चुके हैं। पहले जहां बैल न केवल खेती बल्कि प्रजनन के लिए भी पाले जाते थे, अब कृत्रिम गर्भाधान और लिंग-चयन तकनीकों ने उनकी भूमिका को लगभग खत्म कर दिया है। किसान अब गायों को प्रजनन केंद्रों में ले जाकर मादा बछड़ों की उम्मीद करते हैं, जो आगे चलकर दूध देने वाली गायों के रूप में आय का साधन बनती हैं। लिंग चयन आधारित गर्भाधान तकनीक से मादा बछड़ों के जन्म की संभावना 90 प्रतिशत तक होती है, जिससे यह पद्धति लोकप्रिय हो गई है।

## मानसून से पहले जर्जर भवनों पर सख्ती

### नगरीय निकायों को कार्रवाई के निर्देश



भोपाल। राज्य सरकार ने मानसून की दस्तक से पहले ही संभावित आपदाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों को बाढ़ और बारिश से जुड़ी आपदाओं से निपटने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रदेशभर के नगरीय निकाय अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की पहचान कर तुरंत सूची तैयार करें। यह सूची संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस को भी सौंपी जाए, ताकि इन भवनों को समय रहते खाली करवाकर गिराया जा सके। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के तहत की जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान पुराने और खस्ताहाल भवनों के गिरने से अक्सर गंभीर हादसे होते हैं, जिनमें जान-माल का नुकसान होता है। इस बार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से कदम उठाना जरूरी है। भोंडवे ने यह भी कहा कि जिन जर्जर भवनों में लोग रह रहे हैं, उनके विस्थापन की उचित व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी नागरिक को परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता बरतने और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्रवाई करने की सलाह दी है इसके अलावा, आयुक्त ने नाले-नालियों की समय पर सफाई को भी प्राथमिकता देने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नालों की सफाई समय पर नहीं हुई तो जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे यातायात बाधित होगा और नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार का यह कदम राज्य के शहरी क्षेत्रों को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। यह उम्मीद की जा रही है कि समय रहते उठाए गए ये कदम बारिश के मौसम में होने वाली आम परेशानियों से राहत दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## मध्यप्रदेश के 20 उत्पादों के जीआई टैगिंग प्रक्रिया के लिये एमओयू हुआ, लघु उद्योग निगम में हुई रैंप की कार्यशाला



भोपाल। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत राज्य नोडल एजेंसी, मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के अंतर्गत जीआई टैगिंग के लिए राज्य स्तरीय परामर्श बैठक मंगलवार को लघु उद्योग निगम के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम और ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन वाराणसी के बीच जीआई टैगिंग प्रक्रिया संबंधी एमओयू किया गया। कार्यशाला में राज्य के पारंपरिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से विशिष्ट उत्पादों की पहचान कर उन्हें जीआई टैग दिलवाने हेतु आवश्यक विभागीय समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई। इन उत्पादों को कानूनी संरक्षण, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुंच और ब्रांडिंग के ज़रिये व्यापक पहचान दिलवाने पर भी विमर्श हुआ। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार ने विभागों से योजना के तहत बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया तथा देश को होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में कृषि, हस्तशिल्प, वनोपज, वस्त्र एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में पारंपरिक उत्पादों की जीआई टैगिंग के लिए पहचान करना, जीआई पंजीकरण प्रक्रिया संबंधी आवश्यक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दस्तावेजों का संकलन और विभागीय समन्वय के माध्यम से एक साझा कार्य योजना बनाने के साथ आगामी वर्ष में 20 उत्पादों की जीआई फाइलिंग करने पर चर्चा हुई। जीआई उत्पादों को एक जिला-एक उत्पाद नीति से जोड़ते हुए बाज़ार और ब्रांडिंग के अवसरों को बढ़ावा देने पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में जीआई टैगिंग विशेषज्ञ एवं ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन, वाराणसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. रजनीकांत ने जीआई टैगिंग की प्रक्रिया, कानूनी ढांचा, और देशभर में हुए सफल जीआई पंजीकरणों की जानकारी साझा की। बनारसी साड़ी, चंदेरी वस्त्र और मधुबनी पेंटिंग जैसे उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि जीआई टैगिंग से कैसे न केवल उत्पादों को सुरक्षा मिलती है बल्कि कारीगरों और किसानों की आजीविका भी सशक्त होती है।

कार्यशाला में राज्य के विभिन्न विभागों और संस्थानों से वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें वन विभाग, सिडबी, मत्स्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, हस्तशिल्प एवं हथकरघा संचालनालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ, पशुपालन, रेशम संचालनालय आदि ने सहभागिता की। अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विशिष्ट उत्पादों की सूची साझा की, जो जीआई पंजीकरण के योग्य है। एमओयू राज्य के लगभग 20 पारंपरिक उत्पादों के जीआई टैगिंग के लिये तकनीकी सहयोग, दस्तावेज़ीकरण, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। रैंप नोडल अधिकारी अनिल थागले ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे ऐसे विशिष्ट उत्पादों के नाम बताये जिन्हें जीआई टैगिंग प्रक्रिया में आगे बढाया जा सकता हो।

## 8 लाख की ज्वेलरी चोरी का खुलासा, 400 CCTV खंगालकर पकड़ा गया शातिर चोर



भोपाल। भोपाल की हबीबगंज पुलिस ने 8 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी प्रकाश उर्फ बब्लू थौरात पर राजधानी के विभिन्न थानों में पहले से ही 75 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस केस की गुत्थी सुलझाने के लिए करीब 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद आरोपियों तक पहुंचा जा सका। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी और डीसीपी जोन-1 शशांक गौरव के निर्देशन में की गई। सहायक पुलिस आयुक्त अंकिता खातरकर और थाना प्रभारी संजीव चौकसे के नेतृत्व में टीम को खाटू श्याम (राजस्थान) भेजा गया, जहां से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीन जून को ई-7 अशोका सोसाइटी स्थित स्वप्निल होम्स की निवासी तारा कुजूर जब ऑफिस गई थीं, उसी दौरान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। शाम को घर लौटने पर उन्हें ताले टूटे मिले और अलमारी से सोने-चांदी के गहने और नगदी गायब थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि आरोपी चोरी के बाद राजस्थान के खाटू श्याम में छिपे हुए हैं। पुलिस ने वहां दबिश देकर प्रकाश थौरात को गिरफ्तार किया, जिसकी निशानदेही पर आयुष रजक को भी पकड़ा गया। पूछताछ में प्रकाश ने टीटी नगर क्षेत्र में दो अन्य चोरियों की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है। इसमें सोने की चूड़ियां, कंगन, अंगूठियां, झुमके, चेन, सूई-धागा, टॉप्स, चांदी के सिक्के, पायल, बिछुड़ी, एक-एक रुपए की गड्डी और सिक्के शामिल हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब आठ लाख रुपए आंकी गई है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव चौकसे के नेतृत्व में निरीक्षक अखिलेश त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक ओमपाल यादव, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र भास्कर, दीक्षा भदौरिया, टेक्निकल टीम के पुष्पेंद्र और वीपी भदौरिया की विशेष भूमिका रही।

डेंगू-मलेरिया रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग हाईटेक मोड में

## भोपाल में ड्रोन से छतों का सर्वे मच्छरों का लार्वा मिला तो कटेगा चालान



भोपाल। मानसून की आमद के साथ मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। राजधानी भोपाल और ग्वालियर में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे रोगों पर काबू पाने के लिए अब ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाएगा। इंदौर में सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब राजधानी में भी ऊंची इमारतों की छतों, खाली प्लॉटों और जलभराव वाले इलाकों की निगरानी ड्रोन के जरिए की जाएगी। जहां मच्छरों का लार्वा मिलेगा, वहां भवन मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। मलेरिया विभाग की मैनपावर की कमी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। विभाग के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं, जिससे कई क्षेत्रों में समय पर जांच और दवा छिड़काव नहीं हो पाता था। इस तकनीक से अब उन इलाकों तक पहुंच बन सकेगी, जहां पहले निगरानी संभव नहीं थी। भोपाल में यह काम पांच चरणों में होगा — पहले ड्रोन से जीपीएस मैपिंग और हाई-रेजोल्यूशन इमेजिंग होगी, फिर ग्राउंड टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। यदि टीम नहीं पहुंच पाती, तो ड्रोन से ही दवा का छिड़काव किया जाएगा। इंदौर के ट्रायल में डेंगू के मामलों में 60 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई थी। इस अनुभव को ध्यान में रखकर भोपाल और ग्वालियर में भी यह तकनीक अपनाई जा रही है। इसके अलावा इस बार दवाओं में बदलाव कर 75 प्रतिशत ऑर्गेनिक और केवल 25त्न केमिकल उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण पर असर कम होगा। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक मध्यप्रदेश को मलेरिया मुक्त घोषित किया जा सके।

## अपर मुख्य सचिव राजन ने दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का किया शुभारंभ



भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग एवं एम.पी. स्टार्टअप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में, भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। अपर मुख्य सचिव राजन ने स्टार्ट अप के बारे में व्यापक रूप से जागरूकता लाने के लिए एवं प्राध्यापको द्वारा और अधिक रूचि लेने के लिए कहा। राजन ने प्रदेश में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने का सन्देश भी दिया। आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत बरबड़े ने इन्क्यूबेशन सेंटर्स की भूमिका एवं उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

एम.पी. स्टार्टअप सेंटर की कार्यकारी निदेशक डॉ. आभा ऋषि ने प्रतिभागियों को इन्क्यूबेशन की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता एवं शैक्षणिक संस्थानों में इसके समावेश के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया, इसमें आरएनटीयू, भोपाल के सीईओ श्री रोनाल्ड फर्नांडिज, डॉ. मोनी थॉमस, डायरेक्टर जेएनकेवीवी, जबलपुर एवं सीए अनिरुद्ध प्रताप सिंह कंसलटेंट, एलएनसीटी भोपाल ने भी विचार साझा किये। कार्यशाला में प्रदेश के12 निजी विश्वविद्यालयों, 16 शासकीय विश्वविद्यालयों, 18 स्वायत्त महाविद्यालयों एवं 1 संबद्ध महाविद्यालय में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी समिति के एक सदस्य ने सहभागिता की। इसके बादआरएनटीयू, भोपाल के अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) में फील्ड विजिट किया गया, इसमें आरएनटीयू, भोपाल के एआईसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने प्रेरक अनुभव साझा किये।

## नगर निगम कमिश्नर से छोला दशहरा मैदान पर कब्जे की शिकायत

### बिना किसी टेंडर के 14 से अधिक दुकानें बनाई जा रही: मनोज शुक्ला



भोपाल। भोपाल के छोला दशहरा मैदान पर अवैध कब्जे और निर्माण की शिकायत नगर निगम कमिश्नर से की गई। मंगलवार को कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला समेत कई अन्य लोगों ने निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण से मुलाकात की और कहा कि इस मैदान पर गुपचुप तरीके से दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि यह स्थल धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अहम है। मनोज शुक्ला ने बताया कि छोला दशहरा मैदान पुराने शहर में हिंदू धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है, जहां पर धार्मिक आयोजन होते रहे हैं। उनका आरोप था कि बिना किसी टेंडर के 14 से अधिक दुकानें बनाई जा रही हैं और यहां पर कचरा भी फेंका जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मैदान के आसपास के अव्यवस्थित बाजार को यहां शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से शिकायत के बाद इस निर्माण कार्य को रोक दिया गया था, लेकिन अब फिर से काम शुरू हो गया है। उन्होंने निगम अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे इस अवैध निर्माण को रोकने में विफल रहे हैं। समाजसेवी और अन्य नेताओं ने निगम कमिश्नर से अनुरोध किया कि छोला दशहरा मैदान पर हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। उनका कहना था कि यह ऐतिहासिक स्थल है और इसे उसके पुराने स्वरूप में बहाल किया जाना चाहिए। इस मौके पर महेश मेहरा, पूर्व पार्षद आशाराम शर्मा, सुरेश साहू, उल्लास सोनकर, समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

तबादलों का महासंग्राम: 554 नाम, 554 ऑर्डर

## देवी अहिल्या और बरकतउल्ला विवि के कुलसचिव हटाए उच्च शिक्षा विभाग के एक ही दिन में 554 तबादले

### कोर्ट से बचाव के लिए हर कर्मचारी के लिए अलग आदेश




|| समाचार विश्लेषण ||
देव चौबे 8269453234

भोपाल। मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने एक झटके में 554 शिक्षकों और अधिकारियों के तबादले कर राज्य की यूनिवर्सिटी व्यवस्था को झकझोर दिया है। लेकिन इस बार का अंदाज जरा हटकर है। हर नाम के लिए एक अलग तबादला आदेश — यानी एक ही दिन में 554 आदेश! इसके पीछे की रणनीति सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि कानूनी है। सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह इस बार कोर्ट से बचाव के लिए पूरी तैयारी के साथ उतरी है। पहले कई बार तबादलों की कॉमन लिस्ट पर याचिकाएं दायर होती थीं, और कई कर्मचारियों को राहत मिल जाती थी। इस बार हर व्यक्ति के लिए अलग आदेश निकाला गया ताकि अगर कोई कोर्ट जाए, तो हर केस अलग से सुना जाए — और तब तक तबादले रुकें नहीं। इस पूरी कवायद का दूसरा पहलू है — केविएट। यानी सरकार ने पहले से ही कोर्ट में अपील कर दी है कि यदि कोई कर्मचारी तबादले के खिलाफ याचिका लगाता है, तो बिना शासन का पक्ष सुने कोई आदेश न दिया जाए। यह न केवल एक रणनीतिक कदम है, बल्कि यह दर्शाता है कि विभाग अब किसी भी विरोध को केवल 'प्रशासनिक हल' से नहीं, बल्कि 'कानूनी कवच' के साथ टैकल कर रहा है। इस तबादला सूची में देवी अहिल्या और बरकतउल्ला विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से लेकर क्रीडा अधिकारियों तक सभी शामिल हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों में व्यापक संरचनात्मक संतुलन बना रही है या कहें — साफ-सफाई की तैयारी में है। मोहन कैबिनेट ने तबादला अवधि 17 जून तक बढ़ा दी है। इसका मतलब है कि यह सूची आखिरी नहीं है। पंचायत और ग्रामीण विकास, वाणिज्यिक कर, पंजीयन, आबकारी और विश्वविद्यालय प्रबंधन से जुड़ी और सूचियां आने वाली हैं। यानी यह 'बदलाव की शुरुआत' भर है।

| | |
|---|---|
| प्रोफेसर | 97 |
| सहायक प्राध्यापक | 286 |
| प्राचार्य | 2 |
| लाइब्रेरियन | 44 |
| क्रीड़ा अधिकारी | 32 |
| तृतीय श्रेणी कर्मचारी | 83 |

क्या तबादलों में निष्पक्षता रही? क्या यह परफॉर्मेंस आधारित है?,क्या विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खतरे में है?,क्या ये तबादले आने वाले शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के पहले एक तरह की रीसेट प्रक्रिया हैं? राज्य सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब प्रशासनिक निर्णयों को किसी कानूनी अड़चन का शिकार नहीं बनने देगी। यह 'सिंगल ऑर्डर स्ट्रैटेजी' न केवल एक प्रशासनिक प्रयोग है, बल्कि एक संकेत भी कि अब नीतिगत फैसले पीछे नहीं लौटेंगे — चाहे विरोध कितना भी हो।

## नेत्रदान, इंदु बाला की आखिरी भेंट, दो लोगों को मिली नई रोशनी




भोपाल। विश्व नेत्रदान दिवस के मौके पर भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक प्रेरणादायक घटना सामने आई। 65 वर्षीय इंदु बाला की मृत्यु 5 जून को हार्ट अटैक से हो गई थी। उनकी अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद उनके नेत्र दान किए जाएं। उनके परिवार ने इस इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान की सहमति दी। इसके बाद हमीदिया अस्पताल के नेत्र विभाग की टीम ने उनका कॉर्निया सुरक्षित रूप से निकाला और संरक्षित किया। इसी नेत्रदान के परिणामस्वरूप, अस्पताल में एक ही दिन में दो लोगों के कॉर्निया ट्रांसप्लांट किए गए। इनमें एक 25 वर्षीया महिला थीं, जो बचपन से कॉर्निया की खराबी के कारण दृष्टिहीन थीं। दूसरे मरीज 60 वर्षीय पुरुष थे, जिनकी आंखों की कॉर्निया डीकंपेन्सेट हो चुकी थी यानी संतुलन खो चुकी थी। इन दोनों प्रत्यारोपण सर्जरी को हमीदिया की कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ. भारती आहूजा ने सफलता से अंजाम दिया। इसने दोनों मरीजों को एक बार फिर रोशनी से भरपूर जीवन जीने का अवसर दिया। नेत्रदान के क्षेत्र में हमीदिया अस्पताल लगातार सक्रिय है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस साल अब तक 28 कॉर्निया दान में प्राप्त हुए हैं। जबकि पिछले साल 2024 में यह संख्या 64 थी और 2023 में 54। हालांकि यह संख्या हर साल बढ़ रही है, फिर भी यह देश की जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। वर्तमान में करीब 80 मरीज कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रतीक्षा सूची में हैं। नेत्रदान को प्रोत्साहन देने के लिए हमीदिया अस्पताल में हॉस्पिटल कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम (एचसीआरपी) भी चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अस्पताल में जिन मरीजों की मृत्यु हो जाती है, उनके परिजनों को परामर्श और जानकारी देकर नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वर्गीय इंदु बाला द्वारा किया गया यह नेत्रदान न केवल दो लोगों को रोशनी देने वाला कार्य है, बल्कि समाज के लिए एक सशक्त प्रेरणा भी है कि मृत्यु के बाद भी जीवनदान संभव है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com